सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इन्वर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी., डमी
संपर्क करें
फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443

वर्ष- 15 अंक - 190 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 24 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### आंधी से उड़ गई घरों की छतें, मतदान केन्द्र भी हुए तहस-नहस

**पत्थलगांव।** मंगलवार देर रात तेज आंधी से कई घरों की छतें उड़ गई। दो मतदान केन्द्र भी तहस-नहस हो गए। मौसम में हुए इस अचानक बदलाव ने स्थानीय जनजीवन को भी प्रभावित किया। अनेक स्थानों पर तेज़ बारिश हुई, जिससे किसानों को नुकसान हुआ है। पूरे प्रदेश में मौसम के बदलाव का असर हुआ।देर रात तेज आंधी से पत्थलगांव के सुखरापारा करमीटिकरा में भारी नुकसान, जहां कई घरों के छप्पर और टीन शेड उड़ गए, वहीं कई घरों को नुकसान भी पहुंचा। कल शाम को एकाएक मौसम का मिजाज बदला था और रात को तेज हवाओं के साथ अनेक जगहों पर बारिश भी हुई। वहीं तेज तूफान की वजह से दो मतदान केंद्र क्रमांक 146 -147 तहस-नहस हो गए। किसानों को भी भारी नुकसान की खबर है।


### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दी आयुष्मान योजना से इलाज बंद करने की चेतावनी

**रायपुर।** आईएमए से जुड़े छत्तीसगढ़ के निजी अस्पतालों का करीब 800 करोड़ रुपए बकाया है। इसे लेकर रायपुर आईएमए की आम सभा में डॉक्टरों ने आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के भुगतान को लेकर नाराजगी जताई। इसके साथ ही योजना के तहत काम बंद करने की चेतावनी दी है। शासन से भुगतान नहीं मिलने को लेकर मंगलवार को डॉक्टरों ने बैठक की। उनका कहना है कि भुगतान रुकने की हालत में इलाज करना मुश्किल हो रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि आईएमए मेंबर प्रदेश की दूसरी शाखाओं से भी बातचीत करेंगे, ताकी वित्तीय प्रबंधन के अभाव में काम को बंद या सीमित करने पर विचार किया जा सके।हॉस्पिटल बोर्ड आईएमए रायपुर के अध्यक्ष डॉ अनिल जैन और महासचिव डॉ दिग्विजय सिंह ने कहा कि आईएमए रायपुर के पदाधिकारी पिछले 4 महीने में स्वास्थ्य मंत्री से दो बार और एसीएस रेणु पिल्ले से मुलाकात कर रुके हुए भुगतान के बारे में बता चुके हैं।

# किसका खेल बिगाड़ रहा है राजनांदगांव

### भाजपा के सर्वे में 5 सीटों पर मुकाबला बराबरी का....इसलिए मोदी-शाह उतरे मैदान में

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क



**रायपुर।** राजनांदगांव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी ने लोकसभा चुनाव को रोमांचक मोड़ की राह दिखा दी है। भाजपा ने यहां अपने वर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय को टिकट दिया है, लेकिन भाजपा के अपने आंतरिक सर्वे में इस सीट पर कड़ी टक्कर की संभावना जाहिर की गई है। शायद यही वजह है कि राजनांदगांव व आसपास के क्षेत्रों में भाजपा के स्टार प्रचारकों के लगातार दौरे हो रहे हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल को वोटिंग है, जबकि चुनावी शोर बुधवार शाम को थमने जा रहा है। कहा जा रहा है कि छत्तीसगढ़ में इस बार भाजपा 5 सीटों पर फँसी हुई है। एक ओर जहां भाजपा राज्य की सभी 11 सीटें जीतने के दावे कर रही है, वहीं कांग्रेस ने भी पहले से ज्यादा सीटें जीतने की बात कही है। ऐसे में राजनांदगांव समेत कुल 5 सीटों के मुकाबले पर न केवल छत्तीसगढ़ अपितु दिल्ली तक की नजर है।

भाजपा के अपने आंतरिक सर्वे में छत्तीसगढ़ में 5 सीटों पर पार्टी की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई थी। इनमें राजनांदगांव की सीट भी शामिल है। भाजपा के दिग्गज नेता जिन इलाकों पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं या दौरा, सभाएं कर रहे हैं, उन सीटों को भी कमजोर माना जा रहा है। दरअसल, भाजपा ने अलग राज्य बनने के बाद कांग्रेस को यहां पैर जमाने का बहुत ज्यादा अवसर नहीं दिया है। कांग्रेस अब तक यहां लोकसभा की एक या दो सीटें ही जीतती रही है। वहीं एक-एक सीट को महत्वपूर्ण मान रही भाजपा के लिए छत्तीसगढ़ में अपना पुराना रिकार्ड बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। इसीलिए केन्द्र सरकार के नंबर वन और टू ने यहां न केवल फोकस किया है, अपितु रात्रि विश्राम कर संगठन को कसने और स्थितियों को अपने अनुकूल करने में लगे हुए हैं। पार्टी के नेताओं का दावा है कि इस बार भी कांग्रेस का प्रदर्शन कोई करिश्मा नहीं करने जा रहा है। इस सीट पर कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 13 पुरूष और 2 महिलाएं शामिल हैं।

गौरतलब है कि पीएम मोदी की बुधवार को छत्तीसगढ़ में 4 जनसभा हुई है, जबकि 23 अप्रैल को उन्होंने जांजगीर और महासमुंद लोकसभा सीटों में जनसभा की। प्रथम चरण में पीएम मोदी की बस्तर में सभा हो चुकी है। इसी तरह केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की छत्तीसगढ़ में अब तक 3 सभाएं हो चुकी है। रायपुर में रात रूककर संगठन की बैठक में वे 11 सीटों की समीक्षा कर चुके हैं। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 22 अप्रैल को छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीटों बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर में जनसभा कर भाजपा को जिताने की अपील कर चुके हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की राजनांदगांव, कोरबा और बिलासपुर लोकसभा सीटों पर जनसभा हो चुकी है तो केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का 13 अप्रैल को बस्तर और कांकेर लोकसभा सीट में दौरा हो चुका है।

### दूसरे चरण में 3 सीटों पर कड़ी टक्कर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राज्य की राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में बस्तर में मतदाताओं ने अपना निर्णय दे दिया है। राजनांदगांव से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भाजपा के संतोष पाण्डेय आमने-सामने हैं। वहीं नक्सल प्रभावित कांकेर लोकसभा सीट पर भाजपा से पूर्व विधायक भोजराज नाग और कांग्रेस से बिरेश ठाकुर चुनाव मैदान में हैं। महासमुंद क्षेत्र से कांग्रेस ने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को टिकट दिया है, जबकि भाजपा से रूपकुमारी चौधरी प्रत्याशी हैं। माना जा रहा है कि दूसरे चरण की तीनों सीटों पर इस बार कड़ी टक्कर हो सकती है। सबकी निगाहें इन सीटों पर होने वाली वोटिंग पर टिकी हुई है। तीनों में से सर्वाधिक रोमांचक मुकाबला राजनांदगांव सीट पर होने की संभावना है। हालांकि इस सीट पर भाजपा का दबदबा रहा है। यहां भाजपा के लिए अमित शाह व योगी आदित्यनाथ चुनावी माहौल बना चुके हैं। जबकि भूपेश बघेल के पक्ष में हाल ही में प्रियंका गांधी वाड्रा ने जनसभा कर प्रचार किया था।

### भाजपा ने झोंकी ताकत

भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय को जीताने के लिए पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने ताकत झोंकी। ऐसे में कांग्रेस के भूपेश बघेल ऐसे चक्रव्यूह में फंसते दिखे हैं जिसे भेदना आसान नहीं है। दिल्ली पहुंचने के लिए बघेल ने दिन-रात एक कर दिया। बघेल को ग्रामीण इलाकों से ज्यादा उम्मीद है, इसलिए राजनांदगांव, जहां से पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह विधायक हैं, जैसे इलाकों को छोड़कर वे खैरागढ़, डोगरगांव, कवर्धा और पंडरिया जैसे इलाकों पर ज्यादा जोर लगा रहे हैं। क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से पांच पर कांग्रेस का कब्जा है, इसलिए कांग्रेस को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। हालांकि कांग्रेस शासनकाल के दौरान राजनांदगांव क्षेत्र की उपेक्षा का आरोप भी लग रहा है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र की इसलिए भी उपेक्षा की गई क्योंकि यहां का प्रतिनिधित्व डॉ. रमन सिंह कर रहे थे। ऐसे में बघेल अपनी हर जनसभा में ये जरूर बताते रहे हैं कि वो राजनांदगांव के लिए किस तरह से विकास का काम करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों पर ज्यादा फोकस

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने शहरी या नगरीय इलाकों की बजाए ग्रामीण इलाकों पर फोकस किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री रहते बघेल ने गांव, गरीब और किसानों के हित की बात कही थी। यही वजह है कि वे ग्रामीण मतदाताओं तक पहुंचकर अपनी सरकार के कार्यों को बताने में लगे रहे हैं। इधर, भाजपा इसे गुजरे कल की बातें कह रही है। उसका कहना है कि भूपेश बघेल की सरकार ने काम कम किया और शोर ज्यादा मचाया। जबकि भाजपा की सरकार बनने के बाद पार्टी ने आम लोगों की फिक्र की। खासतौर पर महतारी योजना के तहत महिलाओं के पल्लू में एक हजार रूपए बांधने का काम किया। इस योजना का लाभ शहरों के साथ ही ग्रामीण महिलाओं को भी मिल रहा है। इसके अलावा मोदी की अन्य गारंटियों को भी लागू कर किसानों की जेब में रूपए डाले गए हैं। भाजपा की इन कोशिशों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिला है, और इसका असर भी दिख रहा है।

# सरगुजा में पीएम मोदीः कांग्रेस पर कसा तंज कहा-आतंकियों के मरने पर बहाती है आंसू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे का आज दूसरा दिन है। सरगुजा में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद महारैली में पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनों को काबू किया है। पीएम इस दौरान कांग्रेस पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। ये आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने जब मुझे प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाया था, तब अंबिकापुर में ही आपने लाल किला बनाया था। कांग्रेस की टोली ने उस समय मुझ पर हमला बोल दिया था, बात का बवंडर बना दिया था। लेकिन मोदी लाल किले पर पहुंचा और राष्ट्र के नाम संदेश दिया। आज अंबिकापुर क्षेत्र फिर वही आशीर्वाद दे रहा है-फिर एक बार मोदी सरकार।

उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले मैंने आपसे छत्तीसगढ़ से कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को प्रदेश से साफ कर दिया। आज आप सब के आशीर्वाद से सरगुजा की संतान, आदिवासी समाज की संतान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश के सपने को साकार कर रहा है।



### कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि वर्षों पहले, कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रयास किया था। फिर कांग्रेस ने इसे पूरे देश में लागू करने की योजना बनाई। कांग्रेस ने कहा कि एससी/एसटी और ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से चुरा कर धर्म के आधार पर कुछ लोगों को आरक्षण दिया जाए। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के अनुसार आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब आंबेडकर के शब्दों की परवाह की।

### कांग्रेस ने जनता का भरोसा खोयाः पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं, तो कांग्रेस वालों का और दुनिया में बैठी कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया, तो कुछ ताकतों का खेल बिगड़ जाएगा। अगर भारत आत्मनिर्भर बन गया, तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वो भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। कांग्रेस ने जनता का भरोसा खो दिया है। कांग्रेस, हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है, उन्हें शहीद बता रही है। इसी कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो चुकी है।

### कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैः पीएम मोदी

पीएम ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ आपके आरक्षण को ही लूटना नहीं चाहती है, इनके और भी कारनामें हैं। कांग्रेस के इरादे नेक नहीं हैं। इनके इरादे संविधान के अनुरूप नहीं हैं, सामाजिक न्याय के अनुरूप नहीं हैं। अगर आपके आरक्षण की कोई रक्षा कर सकता है, तो सिर्फ और सिर्फ भाजपा कर सकती है।

# आज थमेगा दूसरे चरण का चुनावी शोर

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** 26 अप्रैल को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनावी शोर आज शाम थम जाएगा। दूसरे चरण में राज्य की कुल 3 सीटों पर वोटिंग होनी है। इनमें राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर शामिल है। निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक, न केवल दूसरे बल्कि तीसरे चरण के लिए भी तैयारियां पूरी कर ली गई है। दूसरे चरण में कुल 41 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें राजनांदगांव से 15, महासमुंद से 17 और कांकेर से 9 प्रत्याशी शामिल हैं।

कुल 52 लाख से अधिक मतदाता चुनाव में मतदान के लिए पात्र हैं। दूसरे चरण के लिए कुल 6,567 मतदान केंद्र चिह्नित किए गए हैं। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव के लिए कुल 168 प्रत्याशी मैदान में हैं। ऐसे में निर्वाचन कार्यालय ने आदेश जारी कर ऐसे लोकसभा क्षेत्र जहां दो या तीन बैलेट यूनिट लगेगी, उन जिलों में अतिरिक्त बैलेट यूनिट की व्यवस्था एवं परिवहन के लिए आदेश जारी कर दिया है। आने वाले दो दिनों के भीतर इसका परिवहन संबंधित जिलों में कर दिया जाएगा। अंतरण के बाद इन मशीनों की एफएलसी की जाएगी, जिसके लिए राजनीतिक दलों को सूचित कर दिया गया है। दूसरे चरण के चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार आज 24 अप्रैल की शाम को थम जाएगा।



### तीसरे चरण में एक करोड़ से अधिक मतदाता

तीसरे चरण की सात सीटों के लिए कुल एक करोड़ 39 लाख एक हजार 285 मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 69 लाख 67 हजार 544 व पुरुष मतदाताओं की संख्या 69 लाख 33 हजार 121 हैं। तीसरे चरण में 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या तीन लाख 98 हजार 416 हैं। निर्वाचन कार्यालय को आचार संहिता लागू होने से प्रचार-प्रसार व सभाओं के लिए अब तक करीब 2,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से 1,726 आवेदनों को स्वीकृति मिली है। सी-विजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर लगातार कार्रवाई जारी है। अब तक विभाग को 818 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें से 561 पर कार्रवाई की गई है। वहीं, 257 शिकायतें ड्राप की गई है।

### 3 लोकसभा में 26 विधानसभा

मुख्य निर्वाचन कार्यालय के उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने बताया कि तीसरे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि समाप्त हो गई है, जिसके बाद मतदाताओं की संख्या भी लाक हो चुकी है। दूसरे चरण के तीन लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव, महासमुंद, कांकेर के लिए 52 लाख 84 हजार 938 मतदाता मतदान करेंगे, जिसमें पुरुषों की संख्या 26 लाख पांच हजार 350 व महिला मतदाताओं की संख्या 26 लाख 79 हजार 538 हैं। तृतीय लिंग के मतदाताओं की संख्या 60 हैं। राजनांदगांव, कांकेर व महासमुंद तीनों लोकसभा क्षेत्र में कुल 26 विधानसभा क्षेत्र के मतदाता मतदान करेंगे। दूसरे चरण के लिए 51 हजार 306 दिव्यांग मतदाता हैं।

# अब मान्यताओं के आधार पर बंटवारा

श्रीकंचनपथ




देश पिछले लगभग डेढ़ दशक से एक नई किस्म के बंटवारे का दंश झेल रहा है। यह बंटवारा देश की भौगोलिक सीमाओं पर न होकर घर-घर में हो रहा है। पहले बहस कट्टर हिन्दू होने और नहीं होने को लेकर थी। अब यह एक कदम और आगे चलकर सनातनी होने या नहीं होने तक जा पहुंची है। आम आदमी को न तो हिन्दू होने की परिभाषा ठीक-ठीक पता है और न ही सनातनी होने का मतलब उसकी समझ में आता है। जो कुछ सोशल मीडिया पर परोस दिया गया, वह उसी को सही समझ लेता है। सोशल मीडिया पर रायता फैलाने वालों को सिर-माथे पर बैठा लेता है और बवाल काटता है। इधर हिन्दुत्व की फसल कट चुकी, सनातनी होने की फसल भी जल्द ही कट जाएगी। इसके बाद कौन सा नया शिगूफा सामने आएगा, इसे सोचकर भी डर लगता है। जब भी सनातन की बातें होती हैं तो वर्ण व्यवस्था की भी बातें होती हैं। यह वही वर्ण व्यवस्था है जिसे शिथिल करने के लिए सिख पंथ की स्थापना हुई, बौद्ध समाज और ब्रह्म समाज जैसी विचारधाराओं का उदय हुआ। यह वही वर्ण व्यवस्था है जिसे तोड़ने के लिए देश के संविधान में सबको एक जैसे अधिकार दिये गये। बात वर्ण व्यवस्था पर ही खत्म हो जाती तब भी राहत की बात थी पर देश जानता है कि यह वर्ण व्यवस्था पर भी रुकने वाली नहीं है। प्रत्येक वर्ण में कुलीन वर्ग होता है। इसका कोई सटीक विलोम नहीं है बस इतना जानना काफी है कि कुलीन अकसर खानदानी होने की बातें किया करते हैं। इसी वर्ण के शेष लोग उनसे नीच होते हैं। ऊंच-नीच की ये बातें अब तक केवल वैवाहिक रिश्तों तक ही सीमित थीं पर अब ऐसी बात नहीं रही। अब जब दो लोग बैठकर किसी तीसरे की बात करते हैं तो उसके जात-कुल तक पहुंच जाते हैं। कोई कुलीन ब्राह्मण है तो कोई कुलीन कायस्थ। जब आगे और बंटवारा होगा तो इन्हें भी अलग-अलग होना पड़ेगा। क्या देश इसके लिए तैयार है? अगर पूरा देश सनातनी हो चला है तो पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री और आदिवासी राष्ट्रपति इनके बीच क्या कर रहा है? दरअसल, देश की इस मनोदशा को सोशल मीडिया के जरिए आकार दिया जा रहा है। इस मनोदशा और मानसिकता का मकसद केवल चुनाव जीतने के लिए वोट बैंक खड़ा करना है। इसके लिए एक पूरी टीम है जो ऐसे उदाहरण ढूंढ कर ले आती है जिसका उपयोग लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिए किया जा सकता है। फिर उसका कूटनीतिक प्रयोग कर आम लोगों को भ्रमित किया जाता है। इसका शिकार होकर लोग अपने परिवारों में ही लड़ने-झगड़ने लगते हैं। अब तक तो यह केवल मतभेद है, आगे चलकर यदि यह मनभेद में बदल गया तो पूरा सामाजिक ताना-बाना ही ध्वस्त हो जाएगा। लोगों को यह समझना होगा कि सनातनी होने का मतलब पाषाण युग में लौट जाना नहीं है।



## संपादकीय

### मसालों पर सवाल

भारतीय मसाला कंपनियों पर फिर सवाल का उठना दुखद और चिंताजनक है। सिंगापुर और हांगकांग में कुछ भारतीय मसालों को प्रतिबंधित किया गया है, जिससे भारत में हलचल तेज हो गई है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक, उपभोक्ता व निर्यातक है और भारतीय मसालों पर किसी तरह की आपत्ति से साख पर असर पड़ सकता है। अतः भारत सरकार ने उचित ही सक्रियता दिखाते हुए सिंगापुर और हांगकांग के खाद्य सुरक्षा नियामकों से विवरण मांगा है। वाणिज्य मंत्रालय ने इन दोनों देशों में स्थित भारतीय दूतावासों को इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है। सरकार अपने स्तर पर भी जांच कर रही है और निशाने पर आई भारतीय कंपनियों से भी पूरा विवरण मांगा गया है। इन देशों से मसालों को लेकर पहले से शिकायतें आ रही थीं, पर नौबत यहां तक कैसे पहुंची कि प्रतिबंध लगाने की जरूरत पड़ गई? खाद्य उत्पाद के मामले में कंपनियां अक्सर अपने स्तर पर भी शिकायतों का निपटारा करती रही हैं और इन मसाला कंपनियों ने ऐसी क्या लापरवाही बरती कि प्रतिबंध लग गया? शुरुआती शिकायतों या चर्चा से पता चलता है कि सवालों के घेरे में आए उत्पादों में कथित तौर पर स्वीकार्य सीमा से अधिक कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड होने के चलते प्रतिबंध लगाया गया है। क्या मसालों की फसल में कीटनाशकों का उपयोग बढ़ गया है? क्या इन कंपनियों ने ज्यादा उत्पादन या मुनाफा लेने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर रखा है? जाहिर है, कंपनियों के पास ज्यादा जानकारी होगी, अतः इनको अपना जवाब जरूर दाखिल करना चाहिए और वह जवाब सार्वजनिक भी होना चाहिए, ताकि तमाम मसाला उत्पादक आगे से सावधानी बरत सकें। ज्यादा आधिकारिक जानकारी सिंगापुर और हांगकांग से मिलेगी। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी भारतीय कंपनी या उसके उत्पाद को अनावश्यक रूप से निशाने पर न लिया जाए। यह देखा जा रहा है कि दुनिया में जैसे-जैसे भारतीय उत्पादों की मांग बढ़ रही है, वैसे-वैसे उनके प्रति शिकायतों में भी इजाफा हो रहा है। ध्यान रहे, जब दुनिया भारत को दवा उत्पादक देश के रूप में जानने लगी, तब कई दवाओं पर कुछ देशों में उंगली उठाई गई। यह स्वाभाविक भी है कि भारतीय उत्पादों को अपना पांव जमाए रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत करने की जरूरत पड़ेगी। हमें गौर करना चाहिए, चीनी उत्पादों की गुणवत्ता आम तौर पर कमतर मानी जाती है, पर चीन दुनिया को सर्वाधिक चीजें बनाकर देता है। मतलब, शिकायतें हरेक व्यवसाय का एक पहलू हैं, उनका समाधान करते हुए अपनी उपयोगिता को बनाए रखना होगा।

> “ स्वयं कंपनियां ही उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग को बढ़ावा दे रही हैं। अतः अब समय आ गया है, जब भारत में बिक रहे तमाम उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। किसी चीज के अभाव या व्यवसाय के नाम पर गुणवत्ता में ढील नहीं होनी चाहिए। मिलावट को भी कतई मंजूर नहीं करना चाहिए। खाद्य पदार्थों के आवश्यक मानकों का पुनर्निर्धारण अब और जरूरी हो गया है, ताकि भारत एक ज्यादा विश्वसनीय उत्पादक देश के रूप में अपनी पहचान कायम रखे।

यह समय उदास या हताश होने का नहीं है, बल्कि अपनी कमियों से सीखकर आगे बढ़ने का समय है। सवाल है, क्या मसालों को एथिलीन ऑक्साइड या अन्य हानिकारक रसायनों से बचाया जा सकता है? कृषि के अनेक उत्पादों में अनावश्यक तत्व पाए जा रहे हैं। स्वयं कंपनियां ही उर्वरकों और कीटनाशकों के प्रयोग को बढ़ावा दे रही हैं। अतः अब समय आ गया है, जब भारत में बिक रहे तमाम उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। किसी चीज के अभाव या व्यवसाय के नाम पर गुणवत्ता में ढील नहीं होनी चाहिए। मिलावट को भी कतई मंजूर नहीं करना चाहिए। खाद्य पदार्थों के आवश्यक मानकों का पुनर्निर्धारण अब और जरूरी हो गया है, ताकि भारत एक ज्यादा विश्वसनीय उत्पादक देश के रूप में अपनी पहचान कायम रखे।

**नजरिया**

“ 18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण की 102 सीटों के लिए मतदान के प्रति मतदाताओं की उदासीनता ने निराश ही किया है। आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी मतदान प्रतिशत बढ़ने के स्थान पर कम होना निश्चित रुप से किसी भी रुप में लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है।

# मतदाता की बेरुखी लोकतंत्र के लिए नहीं हैं अच्छे संकेत

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

चुनाव आयोग के लाख प्रयासों के बावजूद मतदान प्रतिशत कम होना निश्चित रुप से सोचने को मजबूर कर देता है। चुनाव आयोग से पहले चरण के मतदान के प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किया जाये तो साफहो जाता है कि 2019 की तुलना में दो प्रतिशत तक मतदान प्रतिशत में गिरावट आई है। हांलाकि त्रिपुरा और सिक्किम में मतदान का आंकड़ा 80 प्रतिशत को छूने में सफल रहा है पर वहां भी 2019 की तुलना में कम है। त्रिपुरा में 2019 के 81.9 प्रतिशत की तुलना में 81.5 प्रतिशत और सिक्किम में 84.8 प्रतिशत की तुलना में 80 प्रतिशत मतदान रहा है। पहले चरण के चुनावों में मतदान का सबसे कम प्रतिशत बिहार का रहा है जहां मतदान का आंकड़ा 50 प्रतिशत को भी छू नहीं पाया है। छत्तीसगढ़ में अवश्य 2019 की तुलना में एक प्रतिशत से कुछ अधिक मतदान रहा है। जहां तक राजस्थान का प्रश्न है 12 सीटों पर हुए मतदान में मतदान प्रतिशत में 6 फीसदी की गिरावट रही हैं। सभी सीटों पर मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम रहे हैं। हांलाकि चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ें आरंभिक सूचना के आधार पर है पर इनमें कोई खास बदलाव आने की संभावना नहीं है। मजे की बात यह है कि पहले चरण में लोकसभा की 543 सीटों में से 20 प्रतिशत से कुछ कम 102 सीटों पर मतदान हो चुका हैं। यदि मतदाताओं का अगले चार चरणों के मतदान में भी यही रुख रहता है तो यह चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, लोकतांत्रिक व्यवस्था, गैरसरकारी संगठनों सहित सभी के लिए चिंतनीय हो जाता है।

मतदान में हिस्सा नहीं लेने वाले मतदाताओं को किसी भी हालत में देश का जिम्मेदार नागरिक नहीं कहा जा सकता। आज चुनाव आयोग ने जहां अवेयरनेस प्रोग्राम के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागृत किया हैं वहीं पारदर्शी और सहज मतदान व्यवस्था सुनिश्चित की है। आज मतदाताओं को किसी राजनीतिक दल पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। एक मतदान केन्द्र पर एक सीमा तक ही मतदाता होने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सभी तरह की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। अब तो मतदाता को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता क्रमांक से लेकर मतदान केन्द्र तक की जानकारी का समावेश करते हुए परची उपलब्ध कराई जाती है। सीनियर सिटिजन और मतदान केन्द्र तक जाने में अक्षम मतदाताओं को घर से मतदान की सुविधा दी गई है। मतदाताओं को जागृत करने के लिए प्रचार के सभी माध्यम यहां तक कि सोशियल मीडिया का उपयोग किया जाने लगा है। मतदान को निष्पक्ष और भयमुक्त कराने के लिए संपूर्ण व्यवस्था चाक चोबंद की जाती है। राजनीतिक दलों और उम्मीद्वारों की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जाती है। यहां तक कि उम्मीद्वार से संबंधित जानकारी साझा की जाती है। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर विशेष व्यवस्था होती है। कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही मतदान केन्द्र पर सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है। इसके अलावा यह नहीं भूलना चाहिए कि साक्षरता और लोगों में जागरुकता आई है। चुनाव आयोग के अलग अलग ऑब्जरवर द्वारा पूरी व्यवस्था पर कड़ी नजर रखी जाती है ताकि राजनीतिक दलों या उम्मीद्वारों द्वारा मतदाताओं को किसी भी गलत तरीके से प्रभावित नहीं किया जा सके। इस सबके बावजूद मतदान कम होना गंभीर हो जाता है।

लोकसभा के पहले चुनाव 1952 में 44.87 प्रतिशत मतदान रहा था जो सर्वाधिक 67.40 प्रतिशत 2019 के 17 वीं लोकसभा के चुनाव में रहा। मतदान में उतार चढ़ाव तो देखा जाता रहा है पर चुनाव व्यवस्था के सरलीकरण, पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव की चाक-चोबंद व्यवस्था, ग्रामीण और शहरी सभी क्षेत्रों में साक्षरता में बढ़ोतरी के बावजूद यदि मतदान प्रतिशत 90 के आंकड़ें को भी नहीं छूता है तो यह घोर निराशाजनक है। हांलाकि आजादी के बाद सर्वाधिक मतदान 1984 के 64.01 के आंकड़ें को 2014 में पीछे छोड़ा गया पर 2019 के पहले चरण के मतदान से निराशा ही हाथ लगी है। आखिर शिक्षित मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करने के प्रति इतना गैरजिम्मेदार कैसे हो रहा है। सब कुछ को अलग कर दिया जाये तो भी इस बात से नहीं नकारा जा सकता कि देश के नागरिक का भी अपने देश के प्रति लोकतंत्र के प्रति दायित्व होता है। आखिर हम सरकार की आलोचना करने में तो पीछे नहीं रहते पर कभी हमने सोचा है क्या कि हम मताधिकार का उपयोग करने के अपने दायित्व को नहीं समझ पाते हैं। अपनी सरकार चुनने के अवसर पर हम हमारे दायित्व को कैसे भूल जाते हैं। इस संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पीण भी अपने आप में गंभीर हो जाती है। भारत जैसे देश के आम नागरिकों द्वारा इस तरह से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी हिस्सेदारी नहीं निभाना किसी अपराध से कम नहीं माना जाना चाहिए।

हमें गर्व होता है कि हमारे देश का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पर हमें उस समय नीचे देखने को भी मजबूर होना पड़ता है जब इतने बड़े लोकतंत्र के पर्व पर आमनागरिक अपने दायित्व को समझने और उसे पूरा करने की भूल कर बैठता है और मताधिकार का उपयोग नहीं कर व्यवस्था को ठेंगा बताने का प्रयास करते हैं। मेरा तो यहां तक मानना है कि नोटा का प्रयोग भी सही विकल्प नहीं है वहीं मतदान का बहिष्कार तो देशद्रोह से कम अपराध नहीं माना जाना चाहिए। चुनाव आयोग, राजनीतिक दलों, सर्वोच्च न्यायालय, सरकार गैरसरकारी संगठनों और समाज के प्रबुद्ध जनों को सोचना होगा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी आहुति देने के काम से मुहं मोड़ने वालों के प्रति कोई सख्त कदम जैसा प्रावधान होना ही चाहिए। कोई ना कोई ऐसा संदेश जाना चाहिए ताकि लोग मतदान के प्रति संवेदनशील हो और मतदान अवश्य करें। यह समूची व्यवस्था को ही सोचने को मजबूर कर देता है। आने वाले चार चरणों में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक मतदाता हिस्सा ले इसके लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास किये जाने की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# सुधारिए हाल, वरना हर शहर में सुलगेंगे कचरे के पहाड़

अनिल प्रकाश जोशी, पर्यावरणविद्



दिल्ली में कचरे के एक पहाड़ में फिर आग लग गई, जिसे दूर-दूर तक लोगों ने देखा और लाखों लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बेशक, दुनिया की सबसे बड़ी चुनौतियों में अब अपशिष्ट या कूड़ा-कचरा भी शामिल हो चुका है। पृथ्वी हो या आकाश, हमने ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं कि इस ब्रह्मांड का कोई कोना ऐसा नहीं बचा, जहां मनुष्यों द्वारा उत्पादित कूड़ा न फैला हो। अंतरिक्ष में ही देख लीजिए, करीब 93 हजार टन ठोस कूड़ा-कचरा वहां झूल रहा है। इसे लेकर संयुक्त राष्ट्र आह्वान भी कर चुका है कि जिन अंतरिक्ष एजेंसियों ने अंतरिक्ष में कूड़ा पैदा किया है, वे उसे वापस धरती पर लाएं।

खैर, आईपीसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अगर यही रफ्तार रही, तो साल 2050 तक 3.4 गीगाटन शहरी कूड़ा-कचरा होगा। आने वाले समय में यह कूड़ा इसलिए भी बढ़ता चला जाएगा, क्योंकि हमारे शहर 17 प्रतिशत की दर से विकसित हो रहे हैं। आने वाले दिनों में विकास की रफ्तार को और तेज होना है, तो आज की तुलना में कई गुना ज्यादा कचरे के लिए हमें तैयार रहना चाहिए। शहरों में कचरा इसलिए भी ज्यादा पैदा हो रहा है, क्योंकि वहां विकल्प के अभाव में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक का उपयोग या उपभोग बढ़ेगा। एक आंकड़े के अनुसार, कूड़ा पैदा करने के मामले में अमेरिका का स्थान सबसे ऊपर है। अमेरिका प्रति व्यक्ति 2.3 किलोग्राम से ज्यादा कूड़ा प्रतिदिन पैदा करता है। इसी तरह चीन और ऑस्ट्रेलिया में भी प्रति व्यक्ति कचरा उत्पादन ज्यादा है। भारत की अगर बात करें, तो प्रति व्यक्ति 0.62 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन पैदा करता है। हम भारतीय जब ज्यादा तेज विकास करते हुए ज्यादा कचरा पैदा करने लगेंगे, तब क्या होगा? दिल्ली के गाजीपुर जैसे कूड़े के न जाने कितने पहाड़ शहर-दर-शहर खड़े नजर आएंगे? दुनिया भर के आंकड़ों व शोध से पता चला है, अभी तक दुनिया में करीब 70 प्रतिशत कचरा लैंड फिल या पहाड़ों के रूप में बदल दिया जाता है। इस कचरे में से फिर इस्तेमाल योग्य मात्रा महज 11 प्रतिशत है, जबकि बड़ा प्रतिशत जला दिया जाता है।

इसके बावजूद दुनिया में बहुत से शहर या देश ऐसे हैं, जिन्होंने अच्छे उदाहरण पेश किए हैं। इनमें जर्मनी सबसे अव्वल है, जहां सबसे ज्यादा रीसाइक्लिंग होती है। वहां 66.1 प्रतिशत कचरे का निस्तारण रीसाइक्लिंग के जरिये हो जाता है। इसी तरह, सिंगापुर भी शून्य कचरे के लिए जाना जाता है। अपने देश में भी कुछ शहर कचरा प्रबंधन में पहचान बनाए हुए हैं। अहमदाबाद 15 करोड़ मैट्रिक टन कचरा पैदा करता है, पर वहां कूड़ा संग्रह का तरीका ऐसा है कि 98 प्रतिशत कचरे को एकत्र कर लिया जाता है। सूरत, नवी मुंबई और मैसूरु की भी अपनी पहचान है। स्वच्छता और कचरा संग्रह में इंदौर का भी अपना स्थान है। ऐसे शहरों से दिल्ली ने कितना सीखा है?

हमारे शहरों में एक बड़ी कमी दिखाई देती है कि सही शोध का अभाव है। वैसे दुनिया में 'सात आर' का नारा है, जिसमें काम चल रहा है। री-थिंक, री-फ्यूज, री-ड्यूस, री-यूज, री-पेयर, री-गिफ्ट, री-साइकिल। कचरा पैदा करने से पहले सोचिए, इनकार कीजिए, घटाइए, दोबारा इस्तेमाल कीजिए, मरम्मत कीजिए, फिर उपहार दीजिए और पुनर्रचना कीजिए। कचरे का फिर इस्तेमाल करने के मामले में भारत की स्थिति सुधरी है, पर हमें बड़े प्रयासों की जरूरत है, ताकि शहर-दर-शहर न कचरे के पहाड़ बनें और न हर गरमी उनमें भयंकर आग लगने की नौबत आए।

बेशक काम हो रहा है, प्लास्टिक से सड़कें बनाई जा रही हैं, कचरे से कंपोस्ट बनाया जा रहा है, ऊर्जा में भी उपयोग हो रहा है। फिर भी मात्र 10 से 15 प्रतिशत काम ही इस दिशा में हुआ है। अपने देश में ऐसे संस्थानों को बढ़ावा देना होगा, जो कचरा प्रबंधन पर वैज्ञानिक ढंग से काम करें। कचरे के स्थानीय उपयोग पर ही ज्यादा फोकस करना होगा। प्राकृतिक ढंग से ज्यादातर कचरे का उपचार स्वयं प्रकृति ही कर लेगी, इस दिशा में ज्यादा शोध की जरूरत है। पुणे जैसे कुछ शहरों ने कचरे से बिजली बनाने की कोशिश की है, इस पर ज्यादा काम करना होगा। बहुत कुछ संभव है, लेकिन सबसे जरूरी है शासकीय इच्छाशक्ति!

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

## स्थिर और मजबूत रुपये की आहट

डॉ. अश्विनी

कई दशकों की लगातार गिरावट के बाद 2023-24 में रुपया स्थिर होने लगा, खासकर तीसरी और चौथी तिमाही में। हम कह सकते हैं कि 2023-24 भारतीय रुपये के लिए बहुत शुभ रहा। बीते वित्त वर्ष की पहली दो तिमाहियों में रुपये में डॉलर के मुकाबले मात्र एक प्रतिशत का अवमूल्यन हुआ था, लेकिन अंतिम दो तिमाहियों में रुपया-डॉलर विनिमय दर 83.0 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर के आसपास स्थिर हो गयी। इस प्रकार की स्थिति आमतौर पर अतीत में नहीं देखी गयी है। अस्सी के दशक से ही रुपये का मूल्य लगातार गिरता रहा है, जब हमारा देश प्रशासित विनिमय दर की व्यवस्था से हटकर बाजार द्वारा निर्धारित विनिमय दर पर आ गया था। यह उल्लेखनीय है कि रुपया-डॉलर विनिमय दर 1982 में 9.46 रुपये प्रति डॉलर से बढ़कर 31 मार्च 2023 में 82.17 रुपये प्रति डॉलर हो गयी थी। इसका अभिप्राय यह है कि 1982 से लेकर मार्च 2023 तक 868.6 प्रतिशत की गिरावट आयी है, यानी पिछले 41 सालों में 5.41 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से रुपये का अवमूल्यन हुआ है। ऐसा देश में तेजी से बढ़ते आयात और उससे कहीं कम गति से बढ़ते निर्यात के कारण हुआ है। पिछले एक साल में हम माल और सेवाओं के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देख रहे हैं। चालू खाते पर घाटा 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में घटकर केवल 28 अरब डॉलर रह गया है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.2 प्रतिशत है। चौथी तिमाही के पहले दो महीनों में घाटा अधिशेष में बदल गया है। यदि यही प्रवृत्ति जारी रहती है, तो पूरे वर्ष के लिए चालू खाते पर घाटा लगभग 30 अरब डॉलर तक कम हो सकता है, जो जीडीपी के एक प्रतिशत से भी कम हो सकता है, जो 2022-23 के चालू खाते पर घाटे से बहुत कम है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तीन तिमाहियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हालांकि थोड़ा कम है, लेकिन भारतीय मूल के लोगों से आने वाले प्रेषण में वृद्धि से इसकी भरपाई हो रही है। प्रथम विश्व युद्ध के बाद से ही हम डॉलर के मूल्य में निरंतर वृद्धि देख रहे हैं।

प्रथम विश्व युद्ध के बाद मित्र राष्ट्रों ने आपूर्ति के बदले में अमेरिका को सोने में भुगतान करना शुरू कर दिया, जिसके कारण अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा स्वर्ण भंडार वाला देश बन गया। युद्ध की समाप्ति के बाद विभिन्न देशों ने अपनी मुद्राओं को डॉलर से जोड़ दिया और इसके साथ ही दुनिया में 'गोल्ड स्टैंडर्ड' समाप्त हो गया और डॉलर दुनिया की सबसे पसंदीदा मुद्रा बन गयी। सभी देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार का अधिक से अधिक हिस्सा डॉलर के रूप में रखने लगे। लेकिन 2000 के बाद अंतरराष्ट्रीय रिजर्व मुद्रा के रूप में डॉलर का महत्व कम होता गया है और अब यह लगभग 58 प्रतिशत पर पहुंच गया है। हम देखते हैं कि अधिकतर देश धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से, डॉलर व्यापार से दूर जा रहे हैं। वे देश व्यापार का निपटान अपनी-अपनी मुद्राओं में करना चाहते हैं । उदाहरण के लिए, भारत पहली बार व्यापार निपटान के लिए रुपया-व्यापार तंत्र को बढ़ावा दे रहा है और लगभग 20 देशों ने, जिनमें सिंगापुर, ब्रिटेन, मलेशिया, इंडोनेशिया, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर भी शामिल हैं, इसके लिए सहमति व्यक्त की है और इसे सुविधाजनक बनाने के लिए वास्ट्रो खाते खोले हैं । चीन भी युआन में व्यापार निपटान के लिए जोर दे रहा है। ये वैकल्पिक व्यापार निपटान तंत्र धीरे-धीरे गति पकड़ रहे हैं। हालांकि डॉलर का हिस्सा अभी भी लगभग 58 प्रतिशत है, फिर भी यह बदलाव स्पष्ट और ध्यान देने योग्य है। अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व और व्यापार के निपटान के लिए बड़ी मात्रा में डॉलर रखने की मजबूरी सामान्य रूप से दुनिया और विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए बहुत शुभ नहीं रही है।

डॉलर का वैश्विक रिजर्व करेंसी के रूप में प्रभुत्व विकासशील देशों के लिए हितकर नहीं रहा है। एक तरफ डॉलर की अस्थिरता और दूसरी तरफ उसके बावजूद डॉलर के भंडार को रखने की मजबूरी ने उन्हें नुकसान पहुंचाया है। हाल ही में रूस-यूक्रेन संघर्ष और दुनिया में अन्य प्रकार से अशांति और बाधाओं के कारण से कुछ विकासशील देशों और क्षेत्रीय ब्लॉकों द्वारा घरेलू मुद्राओं में व्यापार करने के प्रयासों को मदद मिली है, जिससे डॉलर पर निर्भरता कम हुई है। इसने अमेरिकी वैश्विक वित्तीय आधिपत्य के लिए एक बड़ा झटका दिया है. कच्चे तेल के आयात में डॉलर की अनिवार्यता की समाप्ति, गैर-डॉलरीकरण और अंतरदेशीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग में वृद्धि जैसे आयाम वैश्विक रुझान को दर्शाते हैं। सबसे पहले रूस से कच्चे तेल की बड़ी खरीद और रुपये एवं गैर-डॉलर मूल्य वर्ग में भुगतान करना, भारत-अमीरात द्वारा भारतीय रुपये में समझौता दक्षिणी विश्व के देशों के लिए एक उदाहरण स्थापित करते हैं। इसके साथ ही नयी पीढ़ी के उद्योगों, जैसे सोलर विद्युत उपकरण, सेमीकंडक्टर, टेलीकॉम और ड्रोन इत्यादि को भी बढ़ावा देने पर ध्यान दिया जा रहा है। इन सभी प्रयासों के मद्देनजर सरकार द्वारा प्रोत्साहित सभी क्षेत्रों में निवेश में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिल रही है। इन सब के कारण जहां एक ओर आयातों पर अंकुश लगेगा, वहीं निर्यातों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। इससे भारत का व्यापार घाटा और भुगतान शेष घाटा दोनों में कमी आयेगी। इसके कुछ चिह्न पिछले एक वर्ष में दिखने शुरू हुए हैं और इस प्रवृत्ति के और अधिक बढ़ने की आशा है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# केरल, कर्नाटक में कांटे की टक्कर

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

पहले चरण में तमिलनाडु में मतदान संपन्न होने के साथ ही अब ध्यान पड़ोसी राज्य केरल और कर्नाटक पर केंद्रित हो गया है। इन दोनों राज्यों में 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। केरल की सभी 20 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे, जबकि कर्नाटक की आधी यानी 14 सीटों पर दूसरे चरण में मतदान होगा, बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में वोट पड़ेंगे।

इन दोनों राज्यों के चुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए दो वजहों से खास हैं : एक वाम-शासित केरल में सेंध लगाने के अपने लंबे समय से पोषित सपने को साकार करना और दूसरा कर्नाटक को फिर से हासिल करना, जहां उसने 2019 में 28 लोकसभा सीटों में से 25 हासिल की थीं। भाजपा के अपने दम पर 370 और गठबंधन के सहयोगियों के साथ 400 से ज्यादा सीटें जीतने के दावे को साकार करने के लिए विशेष रूप से कर्नाटक में उसका जीतना जरूरी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा का चुनाव अभियान मतदाताओं से इस वादे के साथ एक सीधी अपील है कि वह दोनों राज्यों को भ्रष्ट राजनेताओं से छुटकारा दिलाएंगे और राज्य को चमकदार 'न्यू इंडिया' में ले जाएंगे। दूसरी ओर, विपक्ष लोकतंत्र, संविधान और उसके संघीय ढांचे की रक्षा के अधिक बुनियादी मुद्दों पर भरोसा कर रहा है। उसकी यह भी शिकायत है कि केंद्रीय धन के हस्तांतरण में उनके साथ अनुचित व्यवहार किया जाता है। चूंकि दोनों राज्य अत्यधिक साक्षर हैं, इसलिए प्रधानमंत्री यहां के अपने सार्वजनिक संबोधनों में अधिक उदार हैं, मगर जब पिनाराई विजयन या सिद्धारमैया जैसे मुख्यमंत्रियों पर सियासी हमले की बात आती है, तब प्रधानमंत्री पीछे नहीं रहते हैं।

साल 2019 की तुलना में 2024 में केरल की कहानी थोड़ी अलग है, क्योंकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ और सीपीएम के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा ज्यादातर सीटों पर आमने-सामने हैं। एनडीए का नेतृत्व करने वाली भाजपा कम से कम कुछ चुनिंदा निर्वाचन क्षेत्रों में मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की इच्छुक है। यूडीएफऔर एलडीएफ2019 में पार्टी कार्यकर्ताओं के स्तर पर एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी थे, लेकिन 2024 में वाम मोर्चे के शीर्ष नेता पिनाराई विजयन और राहुल गांधी एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में कूद पड़े हैं।

यह बदलाव मुख्य रूप से वायनाड में राहुल गांधी के खिलाफ सीपीआई की प्रमुख नेता एनी राजा को मैदान में उतारने के वाम मोर्चे के फैसले के कारण है। केरल के वामपंथी राहुल गांधी पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह भाजपा से डरे हुए हैं और इसीलिए अपेक्षाकृत सुरक्षित केरल में छिपने की कोशिश कर रहे हैं। वाम नेताओं का प्रचार अभियान तब और अधिक तल्ख हो गया, जब पिनाराई ने राहुल गांधी को परोक्ष रूप से 'अमूल बेबी' कहना शुरू कर दिया। राहुल अभी तक पिनाराई के खिलाफ सीधे हमले से बचते रहे हैं, पर इस बार उन्होंने आरोप लगा दिया कि भ्रष्टाचार की शिकायत के बावजूद नरेंद्र मोदी ने पिनाराई के खिलाफ ईडी को केरल नहीं भेजा है, जैसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ भेजा है। पिनाराई ने भी इस पर पलटवार करते हुए कहा कि राजनीतिक कैद उनके लिए नई बात नहीं है, यहां तक कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आपातकाल के दौरान उन्हें जेल में डाल दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी जले पर नमक छिड़कते हुए कहा है कि कांग्रेस के उत्तराधिकारी जल्द ही वायनाड से भी भाग खड़े होंगे, जैसे उन्होंने अमेठी से किया था। उन्होंने आश्चर्य जताया कि कोई भी 'इंडिया ब्लॉक' के उन घटकों को चुनने के बारे में कैसे सोच सकता है, जो जनता के बीच ही इतने खुले तौर पर लड़ रहे हैं।

बहरहाल, कांग्रेस और वामपंथियों के बीच खींचतान को समझा जा सकता है। वाम मोर्चा विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अपने विजय अभियान को जारी रखना चाहता है, जबकि कांग्रेस साल साल 2019 के प्रदर्शन को दोहराना चाहती है। कांग्रेस ने 2019 में केरल की 20 में से 19 लोकसभा सीटें जीती थीं। हालांकि, कांग्रेस और वाम मोर्चा में से कोई नहीं चाहता कि केरल में भाजपा के पांव जमें। देखना है कि उनकी यह रणनीति सफल होती या नहीं। केरल में भाजपा की रणनीति तिरुवनंतपुरम और त्रिशूर जैसी कुछ सीटों पर केंद्रित है, जहां उसे उम्मीद है। इसने केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को कांग्रेस प्रत्याशी शशि थरूर के खिलाफ और अभिनेता सुरेश गोपी को कांग्रेस के सुरेंद्रन के खिलाफ मैदान में उतारा है।

जहां तक कर्नाटक की बात है, तो भाजपा वहां 2019 के अपने प्रदर्शन को दोहराना चाहती है, लेकिन बीते विधानसभा चुनाव में उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। वैसे, येदियुरप्पा का पुनर्वास कर दिया गया है और उनके बेटे को राज्य भाजपा का प्रमुख नियुक्त किया गया है और साथ ही पार्टी ने जद (एस) के साथ गठबंधन भी किया है। दूसरी ओर, कर्नाटक में कुछ बातें ऐसी भी हैं, जो सत्तारूढ़ कांग्रेस के पक्ष में नजर आ रही हैं। एक, मुसलमानों ने, जो आबादी का 15 प्रतिशत हिस्सा हैं, धर्मनिरपेक्ष दल को वोट देने का मन बनाया है। एक मत के अनुसार, विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिले कुल वोटों में से लगभग 30 प्रतिशत वोट मुसलमानों के थे। दूसरी अहम बात, बड़े पैमाने पर राज्य के दलित भी, जो 18 प्रतिशत हैं, कांग्रेस का समर्थन कर रहे हैं।

लिंगायत प्रमुख रूप से कट्टर भाजपा समर्थक रहे हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इस समुदाय को आकर्षित करने के लिए प्रयास किए हैं। एक अन्य प्रमुख जाति वोक्कालिगा देवेगौड़ा का समर्थन कर रही है, जो उनके सबसे बड़े नेता हैं। मगर उप-मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार भी वोक्कालिगा नेता हैं, देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को हराने के लिए मैसूरु में जोरदार प्रचार कर रहे हैं।

भाजपा अपने मुद्दों के साथ सक्रिय है। पिछले दिनों कर्नाटक में स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा और कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की उसके पूर्व सहपाठी फैयाज ने चाकु मारकर हत्या कर दी थी। शर्मिंदा कांग्रेस ने इसे एक निजी मामला बताया, लेकिन भाजपा ने दावा किया कि यह लव जिहाद है। भाजपा के लिए बेंगलुरु के एक रेस्तरां में हाल ही में हुआ बम विस्फोट भी बड़ा मुद्दा है। हालांकि, ये मुद्दे कांग्रेस के लिए झटका थे, पर वह भाजपा से कम से कम दर्जन भर सीटें छीनने के लिए कमर कसे हुए है। नतीजा यह कि कर्नाटक चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मतदाता जागरूकता के लिए शत-प्रतिशत मतदान के लिए दो वीडियो सॉंग का शुभारंभ

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्ट्रेक्ट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार, रोहनचंद ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के दो वीडियो सांग का शुभारंभ किया। शत-प्रतिशत मतदान पर आधारित गाने की रचना गौरेला-पेड्रा-मारवाही जिले की श्रीमती मीनाक्षी केसरवानी ने की है। साथ ही गाने का वीडियो भी तैयार किया है। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक कुमार व ठाकुर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सिंह ने केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल भेंट कर सम्मान किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि केसरवानी द्वारा पूर्व में भी मतदाता जागरूकता का संदेश देने के लिए एक वीडियो साग बनाया गया है। जिसकी धुन शहर के चौक - चौराहों में भी सुनाई देती है। इस शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल सहित कई अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### सेक्टर अधिकारियों का मतदान संबंधी कमिशनिंग कार्य का हुआ प्रशिक्षण

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्ट्रेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों को मतदान के लिए कमिशनिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी कमिशनिंग का कार्य बेहतर ढंग से करें। कमिशनिंग के कार्य को जल्दबाजी में न करें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि बिना किसी त्रुटि के गंभीरता के साथ मतदान कार्य कराएं। कमिशनिंग कार्य के लिए वीडियो भी तैयार किया गया है, समय-समय पर वीडियो को देखकर कमिशनिंग की बारिकियों को समझें और फ्लो चार्ट के माध्यम से निर्वाचन कार्य कराएं। हर मतदान केंद्र में मतदान दलों के लिए मेडिकल किट उपलब्ध कराए गए है। सेजबहार के स्ट्रॉग रूम में पेयजल, टॉयलेट की बेहतर व्यवस्था की गई है। नाश्ता और भोजन भी समय-समय पर दिया जाएगा। मतदान केंद्र से लेकर स्ट्रांग रूम तक किसी भी मतदान दल को असुविधा नहीं होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर श्रीमती निधि साहू समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम के संबंध में कार्रवाई


**महासमुंद।** विकासखण्ड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी में इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुश्री सविता चंद्राकर व्याख्याता (एल.बी.) द्वारा शामिल अतिथियों (राजनीतिक पृष्ठभूमि) के साथ मंच साझा किया गया। जिसमें अतिथियों से इंटर्नशिप राशि व प्रमाण पत्र वितरण फोटो का विभिन्न दैनिक समाचारों पत्रों में कवरेज किया गया। प्रभारी प्राचार्य सविता चंद्राकर द्वारा व्हाट्सअप संदेश के माध्यम से अतिथियों को कार्यक्रम के लिए अवगत कराया गया था। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा सविता चंद्राकर व्याख्याता प्रभारी प्राचार्य, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खल्लारी को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा 41-खल्लारी से प्राप्त निलंबन अनुशंसा पत्र के अनुसार छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

### छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी : जनसभा में कांग्रेस पर बरसे, कहा-

# कांग्रेस के पास ना कोई विजन है न कोई नीति

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जांजगीर-चापा लोकसभा क्षेत्र के बाराद्वार गांव में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास ना कोई विजन है न ही कोई नीति है और न ही गरीबों के कल्याण के लिए उसको एबीसीडी आती है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने एक नया खेल शुरू कर दिया है। कांग्रेस के सांसद ने कहा दक्षिण भारत को अलग देश घोषित कर दें। गोवा के उम्मीदवार कह रहे हैं कि गोवा पर भारत का संविधान लागू नहीं होता।



पीएम मोदी ने कहा कि यह बाबा साहब अंबेडकर और भारत के संविधान है। बाबा साहब का संविधान जम्मू कश्मीर में लागू है। उन्होंने कहा कि पिछले 30 साल से जब भी चुनाव आता है कांग्रेसी एक ही टेप रिकॉर्ड बजाते रहते हैं। यह बीजेपी वाले आएंगे तो संविधान खत्म कर देंगे, आरक्षण खत्म कर देंगे और कितने दिन तक यह झूठ चलते रहेंगे। मोदी और भाजपा को छोड़िए खुद डॉक्टर बाबा साहेब आंबेडकर भी आकर कहें तो भी संविधान नहीं बदला जा सकता। इंडी गठबंधन को दिए वोट से केंद्र में सरकार नहीं बन सकती।

बीजेपी इंडिया को वोट आपको विकसित भारत बनाएगा। पीएम मोदी ने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लोगों से कहा कि आप सब से जाकर कहें कि पीएम मोदी ने जय जोहार भेजा है। पीएम मोदी ने कहा कांग्रेसी मेरे मरने की माला जपते हैं। कांग्रेसी कहते हैं कि मोदी का सिर फोड़ देंगे। वो कितनी भी गालियां दें, धमकियां दें,सिर फोड़ने की बातें करें, मरने-मारने की बातें करें, लेकिन जब तक मेरी माताएं-बहनें मेरे साथ हैं। मेरा कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता है। जहां 140 करोड़ लोगों का आशीर्वाद है, वहां मौत को भी लंबे समय तक इंतजार करना पड़ेगा। ये कांग्रेसियों की बौखलाहट है। यहां महादेव घोटाले, शराब घोटाले, भर्ती घोटाले की जांच की बौखलाहट है। मैं कहता हूं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। तीसरी बार सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ में रोड़,रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का तेजी से विकास किया जायेगा। कांग्रेस ने विकास को पटरी से उतारने का काम किया। कांग्रेस विकास के साथ नहीं चल सकती। कांग्रेस की जहां सरकार रही वहां हिंसक गतिविधियां हुई।कांग्रेस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती रही है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा को काबू किया है।छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद और माओवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के पीएम कहते थे 1 रुपए में 15 पैसे नीचे पहुंचता है। एक रुपए में 85 पैसे को कौन सा पंजा लूट लेता था? मोदी को अवसर दिया तो सबसे पहले लूट की दुकान पर ताला लगा दिया। कई करोड़ जनधन खाता खोला। छत्तीसगढ़ में पौने दो करोड़ खाता खोला गया। 34 लाख करोड़ रूपए जनता के खाते में भेजा गया। जो हकदार है उनके खाते में सीधे सीधे पैसे पहुंचाएं। 3 लाख करोड़ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खाते में सीधे पहुंचाएं। जब तक देश में भाजपा की सरकार है आपके हक का पैसा आपके पास पहुंचता रहेगा कोई बिचौलिया नही आयेगा। कांग्रेस गरीब से सिर्फ विश्वासघात करना जानती है सोने के चम्मच लेके पैदा हुए लोग उनका दर्द नहीं समझ सकते। कांग्रेस ने 60 साल राज किए लेकिन कभी उन्हें गरीब लोगों की चिंता हुई। हमारी सरकार ने मुफ्त राशन योजना लागू की ताकि कोई गरीब परिवार भूखा ना सोए। आने वाले पांच साल तक गरीब परिवारों को मुफ्त राशन योजना का लाभ मिलेगा। कांग्रेस ने कभी छोटे किसानों की चिंता नही की। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार ने किसानों को 3100 रू प्रति क्विंटल धान का और दो साल का बकाया बोनस देकर 3 महीने में मोदी की गारंटी को पूरा किया। मोदी ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ वह प्रदेश है, जहां कोयले की शक्ति, वन संपदा, स्टील की ताकत, विकसित भारत को तेज गति देने की ताकत है। 10 साल में मेरा काम देखा है, सेवा का मुझे मौका दिया है, कोई छुट्टी लिए बिना दिन-रात सेवा कर रहा हूं। मैंने अपने लिए कुछ नहीं किया। आपके लिए जीता रहा हूं, जूझता रहा हूं क्या कुछ नहीं हुआ 10 साल में। महासमुंद सहित अन्य जगह पर पांच नए मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए।

#### केन्द्र सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी बढ़ाई, धान की कीमतें बढ़ाई, धान की बढ़ी हुई कीमत दी और एकमुश्त अंतर की राशि का भुगतान किसानों को किया। दो साल का बकाया बोनस भी दिया। छत्तीसगढ़ में 45 हजार करोड़ रुपए किसानों को मिले हैं। नमो ड्रोन दीदी, महतारी वंदन योजना और लखपति दीदी योजना की चर्चा कर मोदी ने कहा कि हम अब तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे। जांजगीर-चाँपा में 50 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास, दो लाख नल जल कनेक्शन और तीन लाख बहनों को उज्जवला गैस कनेक्शन दिया गया है। मुफ्त राशन योजना अगले पाँच सालों तक चलती रहेगी। आयुष्मान योजना के तहत अब 70 साल आयु के सभी बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

#### एक ही परिवार रिमोट से चलाता रही सरकार

पीएम मोदी ने कहा कि 2014 से पहले 60 वर्षों तक एक ही परिवार सीधे या रिमोट से सरकार चलाता रहा। कांग्रेस ने कभी दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को सत्ता में भागीदारी नहीं करने दी। भाजपा ने एक दलित बेटे और एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया तो कांग्रेस ने न केवल उसका विरोध किया बल्कि राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू को अपमानित तक किया। पीएम मोदी ने सक्ति और महासमुंद में विश्वकर्मा समाज को साधते हुए कहा कि विश्वकर्मा समाज के लिए विश्व बाजार मुहैया कराने 13 हजार करोड़ रुपए की विश्वकर्मा योजना और जन-मन योजना शुरू की है। इस योजना पर भी 25000 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

#### कांग्रेस ने ठुकराया राम मंदिर का निमंत्रण

पीएम ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि देशवासियों की उम्मीद पूरी करते हुए अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाने का काम भाजपा ने किया। कांग्रेस राम मंदिर के नाम पर तानाकशी करती रही पर जब मंदिर में रामलला की प्रतिष्ठा का निमंत्रण दिया तो अहंकार के चलते कांग्रेस ने यह न्योता ठुकरा दिया। यह भगवान राम के ननिहाल और माता शबरी की धरती छत्तीसगढ़ का घोर अपमान है। पीएम मोदी ने कहा कि वोट बैंक का राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है और इसके लिए वह दलितों, वंचितों, आदिवासियों, पिछड़ों का हक मारने से भी पीछे नहीं हटती। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र पर काम कर रही है। मोदी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवान का कल्याण है। हमने नारे नहीं दिए बल्कि 10 वर्षों में काम किया। हमारी नीति और नीयत सही है। हम जो कहते हैं, उसे पूरा करने के लिए परिश्रम करते हैं, चुनौतियों को भी चुनौती देकर अपना कहा पूरा करते हैं।

#### छत्तीसगढ़ से पीएम मोदी को खास लगाव

इससे पहले छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लगातार लगाव बना हुआ है। पिछले विधानसभा के चुनाव में मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता-जनार्दन ने विश्वास करते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा को जिताया और भाजपा की सरकार बनाई है।प्रधानमंत्री मोदी देश के 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार मानते हैं। लोकसभा का यह चुनाव महत्वपूर्ण है। जिस कांग्रेस ने अपने पूरे कार्यकाल में संविधान से छेड़छाड़ की, 80 बार उसमें संशोधन किया, वह कांग्रेस आज संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त कर देने का झूठ फैला रही है। कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में छत्तीसगढ़ अपराधगढ़ बन गया था, अत्याचार-भ्रष्टाचार, अनाचार-दुराचार का आतंकराज चल रहा था।

## मतदाता संकल्प बैंड बांधकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत 26 अप्रैल को जिले में मतदान होगा। लोगो में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं मतदान के प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज नगर पालिका परिषद गरियाबंद में मतदाता जागरूकता के तहत मतदाता रैली कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव ने लोगों को मतदाता संकल्प भी दिलाया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आम नागरिकों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अधिकारी कर्मचारियों द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय से बस स्टैंड होते




हुए सब्जी मार्केट, मस्जिद चौक से वापस तिरंगा चौक होकर बस स्टैंड तक मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के दुकानों में जाकर लोगों को मतदाता संकल्प हैंड बैंड पहनाकर 26 अप्रैल को अवश्य मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अपने आस पड़ोस के मतदाताओं को भी मतदान दिवस में अपने मतदान केंद्र जाकर मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। मतदाता जागरूकता अंतर्गत स्व सहायता समूह की महिलाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा अपने हाथों में लोकतन्त्र का सबसे बड़ा पर्व है।

## लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने घर-घर हल्दी-चावल देकर दिया जा रहा आमंत्रण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** जिले के मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए जिला प्रशासन द्वारा घर-घर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। हल्दी चावल का उपयोग भारतीय संस्कृति में बहुत ही अच्छा माना गया है। भारतीय संस्कृति में हर कार्यक्रम व त्यौहारों में पीले चावल में निमंत्रण दिया जाता है।

इसलिए स्वीप टीम द्वारा हल्दी चावल यानी कि पीले चावल बांटे जा रहे हैं। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने पहुंचे और लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में शामिल हो सके। सीएमओ डोंगरगढ़ द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम



मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर हल्दी चावल देकर लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जिससे नागरिक मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर अपना बहुमूल्य वोट दे सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देश पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं। जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने सीएमओ डोंगरगढ़ के द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों के साथ मिलकर कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में टीम बनाकर हल्दी चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने रेल्वे कॉलोनी डोंगरगढ़ के घर-घर जाकर आमंत्रित करने की शुरूआत किया है। डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्वीप टीम द्वारा कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों का चिन्हांकन कर घर-घर जाकर हल्दी चावल देकर मतदान कर देश के सबसे बड़े पर्व में शामिल होने निमंत्रण दिया जा रहा रहा है। लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें लोकतंत्र की महत्ता के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी जा रही है। मतदान केन्द्र में पेयजल, छांव सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी जनसामान्य को दी जा रही है।

# मतदान दिवस पर कर्तव्यों व दायित्वों की दी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

मोहला। कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन एवं पुलिस विभाग के सेक्टर अधिकारियों की बैठक हुई। लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान दिवस एवं एक दिन पूर्व व मतदान समाप्ति के बाद में किए जाने वाले संपूर्ण दायित्व और गतिविधियों की जानकारी दी गई।



कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों से कहा कि अपनी संपूर्ण देख रेख में जिम्मेदारी से मतदान कार्य को संपन्न करायेगें। बिना किसी तनाव के संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने कहा गया है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने सेक्टर अधिकारियों के दायित्व एवं कर्तव्य की जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन एवं पुलिस के सेक्टर अधिकारी दोनों संयुक्त रूप से अपने सभी निर्धारित मतदान केंद्रों का अंतिम रुप से निरीक्षण कर लेवें। मतदान केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था का एक बार पुन: मूल्यांकन कर लेवे। बैठक में बताया गया कि मतदान दिवस पर सभी सेक्टर अधिकारी मतदान केंद्रों में चल रहे सभी प्रकार की गतिविधियां, कार्यवाही का मुआयना करते हुए कंट्रोल रूम को अनिवार्य रूप से सूचना दें। मतदान केंद्र की सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए निर्वाचन कार्य को संपन्न कराएंगे। बैठक में बताया गया कि सामग्री वितरण के उपरांत सभी मतदान दल एक निश्चित समय पर अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में उपस्थित हो जाएं। किसी मतदान केंद्र में अप्रिय स्थिति निर्मित होने पर मतदान केंद्र में तैनात सुरक्षाकर्मी को निर्देशित करते हुए स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। संबंधित घटना की जानकारी अपने क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस विभाग के अनुभाग स्तर के अधिकारी को इसकी सूचना अवश्य दें। अपने पास आरक्षित रिजर्व मशीनों को जरूरत पड़ने पर संबंधित मतदान केंद्र में पहुंचाने में मदद करें। बैठक में यह भी बताया गया कि मतदान दिवस पर मतों की प्रतिशत हर 2 घंटे में कंट्रोल रूम कों सूचना दें। अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित करने कहा गया कि निर्वाचन शाखा से आवंटित गाड़ी से ही आवागमन करें, किसी भी दशा में अपने निजी वाहन का उपयोग नही करने कहा गया। निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ही आवागमन करने कहा गया।

मतदान दिवस पर मॉकपोल की प्रक्रिया से लेकर वास्तविक मतदान प्रारंभ करने की प्रक्रिया एवं मतदान समाप्ति व सामग्री वापसी तक की सभी गतिविधियों पर किए जाने वाले दायित्व के संबंध में जानकारी दी गई। इसमें यह मुख्य रूप से बताया गया कि मतदान केंद्र में अंतिम व्यक्ति द्वारा किए जाने वाले मतदान अपने क्षेत्र के किसी एक मतदान केंद्र में अपने समक्ष कराएँगे।

मतदान समापवर्ती के उपरांत यह अनिवार्य से सुनिश्चित करने कहा गया कि क्लोज बटन अवश्य दबाया जाये। मतदान समाप्ति के उपरांत वीवीपैड की बैटरी अवश्य निकाली जानी चाहिए। पीठासीन अधिकारियों द्वारा सभी प्रपत्र आवश्यक रूप से भरी होनी चाहिए। बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैड अवश्य सीलिंग होनी चाहिए। मतपत्र लेखा अभ्यर्थियों के अभिकर्ता को अवश्य प्रदान हो एवं मतदाता रजिस्टर भरी होनी चाहिए। बैठक में सभी सेक्टर अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने निर्देशित किया गया है।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

खास खबर...



## महिलाओं को स्वरोजगारः बनेगा समृद्धि बाजार, महिलाएं होंगी लाभावित

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार सुबह शंकर नगर के क्रिस्टल मार्केट ने पास की जगह का निरीक्षण कर यहां महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु सर्वसुविधायुक्त बाजार बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने तत्काल प्रस्ताव बनाने के लिए भी कहा। कमिश्नर श्री मिश्रा के निरीक्षण के दौरान जोन क्रमांक 3 के जोन कमिश्नर प्रीति सिंह तथा कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया भी मौजूद थे। जोन कमिश्नर श्रीमती सिंह ने बताया श्री मिश्रा ने निर्देश दिए कि इस जगह पर महिलाएं चाट - गुपचप, घर के बनाई, बडियां - आचार , फल आदि बेचकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकें। इसके लिए उन्होंने तत्काल प्रस्ताव बनाने के निर्देश भी दिए। जोन कमिश्नर श्रीमती सिंह ने बताया कि इस जगह पर 80 से 100 महिलाओं के स्वरोजगार के लिए दुकानें बनाए जाने का प्रस्ताव बनाया जाएगा। इससे उन परिवारों में समृद्धि आएगी। इस बाजार बाजार को गुलाबी रंग में रंग कर पिंक बाजार या अम्मा की चौपाटी या महिला समृद्धि बाजार नाम दिया जाएगा।

## वैद्यराज मांझी को पद्मश्री पुरस्कार, मुख्यमंत्री साय ने दी शुभकामनाएं

**रायपुर ( ए. )।** नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर के प्रख्यात वैद्यराज हेमचंद मांझी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि 5 दशकों से ज्यादा समय से बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ के ग्रामीणों को प्राकृतिक और किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे अबूझमाड़ के प्रख्यात वैद्यराज हेमचंद मांझी को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के हाथों से पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित होने पर मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। गौरतलब है कि नारायणपुर के छोटे डोंगर में जन्मे हेमचंद मांझी उस समय से लोगों का इलाज कर रहे हैं जब उस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं थी। छत्तीसगढ़ सहित आसपास के राज्यों एवं विदेशों में रहने वाले पीड़ित मरीज भी छोटे डोंगर पहुंचकर इलाज कराते हैं। जब हेमचंद मांझी को पद्म श्री पुरस्कार की घोषणा हुई थी तब मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने निवास में आमंत्रित कर उनका सम्मान किया था।

# हनुमान जयंती की धूम, मंदिरों में उमड़े भक्त

## प्रतिमा का श्रृंगार कर बनारस की तर्ज पर महादेव घाट में महाआरती

**रायपुर ( ए. )।** चैत्र पूर्णिमा पर चित्रा नक्षत्र एवं सर्वार्थसिद्धि समेत अन्य योगों के संयोग में हनुमान जयंती श्रद्धा उल्लास से मनाई जाएगी। इस साल हनुमान जयंती इसलिए खास है कि यह मंगलवार के दिन पड़ रही है। मंगलवार को चित्रा नक्षत्र, सर्वार्थसिद्धि योग में हनुमान का जन्म हुआ था। तीन ऐतिहासिक हनुमान मंदिरों के अलावा गली-मोहल्लों के 50 से अधिक मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक भक्तिभाव छाया रहेगा। रायपुर में हनुमान जयंती की धूम, मंदिरों में उमड़े हनुमान भक्त, शोभायात्रा में झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में बनारस की तर्ज पर महादेव घाट में महाआरती की जाएगी। प्रत्येक पूर्णिमा को होने वाली यह 18वीं महाआरती होगी।

### समता कालोनी में सवामनी भोग

समता कालोनी में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति के अध्यक्ष घनश्याम पोद्दार, प्रचार प्रभारी सत्येंद्र अग्रवाल ने बताया कि 23 अप्रैल को मंदिर के स्थापना दिवस की रजत जयंती एवं हनुमान जयंती पर सुबह 10 बजे बजरंगबली का दुग्धाभिषेक, हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। दोपहर को सवामनी का भोग एक बजे से प्रसादी वितरण किया जाएगा। मां महामाया मंदिर के सामने समाजसेवी लक्ष्मीनारायण लाहोटी के निवास पर 17 किलो पीतल की हनुमान प्रतिमा का



श्रृंगार, पूजा-अर्चना करके भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। मित्र मंडल ग्रुप के संयोजक लक्ष्मीनारायण लाहोटी, कृष्णा लाहोटी के सान्निध्य में अभिजीत मुहूर्त 11 बजकर 26 मिनट पर महाआरती के साथ भोग लगाएंगे। 12 बजे से महाभंडारा शुरू होगा। भजन गायक कराओके सिस्टम से भजनों की प्रस्तुति देंगे। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में डा. मनोज लाहोटी स्वास्थ्य जांच करेंगे। रेलवे स्टेशन परिसर स्थित सर्वधर्म सद्भावना हनुमान मंदिर के राजकुमार राठी ने बताया कि सुबह प्रतिमा का श्रृंगार करके दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात दोपहर एक बजे से महाभंडारे का आयोजन किया गया है। राठौर चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे दुग्धाभिषेक, श्रृंगार किया जाएगा। शरद राठौर ने बताया कि शाम छह बजे महाआरती होगी। हरिसत्संग मंडल राजनांदगांव के गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंदिर में प्रत्येक मंगलवार, शनिवार को चोला चढ़ाने की परंपरा चल रही है।

### पुरानी बस्ती में बावली से निकली थीं तीन प्रतिमाएं

पुरानी बस्ती में जैतूसाव मठ के समीप स्थित बावली की सफाई के दौरान 500 साल पहले हनुमानजी की तीन प्रतिमाएं प्राप्त हुई थीं। इनमें से एक प्रतिमा बावली के समीप ही स्थापित की गई। दूसरी प्रतिमा दूधाधारी मठ में स्थापित की गई और तीसरी मच्छी तालाब के बगल में स्थापित की गई। तीनों मंदिरों में हनुमान जयंती वाले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे। बावली वाले हनुमान मंदिर में प्रतिमा का मुख पूर्व दिशा की ओर है, वहीं गुढ़ियारी में हनुमान की प्रतिमा दक्षिणमुखी है। तीसरी प्रतिमा ऐतिहासिक दूधाधारी मठ में श्रीराघवेंद्र सरकार श्रीराम के सामने स्थापित हैं। यह प्रतिमा भी दक्षिणमुखी है। तात्यापारा स्थित हनुमान मंदिर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रकांत मोहदीवाले ने बताया कि सुबह पांच बजे से अभिषेक, श्रृंगार किया जाएगा। पं. शशांक देशपांडे भजनों की प्रस्तुति देंगे। छह बजे हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। प्रत्येक मंगलवार को शाम को होने वाला सुंदरकांड पाठ जन्मोत्सव के चलते दोपहर दो बजे से होगा। रुचिर कुलकर्णी व सुषुम्ना सावरगांवकर के सान्निध्य में पाठ होगा। महाराष्ट्र मंडल की कार्यकारिणी सदस्य नमिता शेष ने बताया कि शाम सात बजे रामरक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ के पश्चात महाआरती होगी।



### मंदिरों में गूंजेगी हनुमान चालीसा की चौपाइयां

सभी मंदिरों में सुबह प्रतिमा पर चोला श्रृंगार, पूजन, महाआरती की जाएगी। अनेक मंदिरों में महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। गाजे, बाजे और झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की चौपाइयां गूंजेगी।

### सीएम हाउस में विशेष पूजा, सीएम ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

इस साल हनुमान जयंती मंगलवार को मनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं में हनुमान जयंती को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सहपरिवार सुबह सीएम निवास पर हनुमान जी की पूजा अर्चना की। इस दौरान सीएम हाउस में पूरी विधि विधान के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई।वहीं राजधानी में हनुमान मंदिरों में भगवान का आज विशेष श्रृंगार और पूजन किया जाएगा। हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ लगने लगी है। कई स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा महापाठ का आयोजन किया गया है। रायपुर के 1 हजार से अधिक छोटे बड़े स्थानों में भंडारे का भी आयोजन किया गया है।

# तेलीबांधा में स्वीप संध्या का आयोजन 26 को

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने संचालित किए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार 26 अप्रैल की शाम भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वीप संध्या का आयोजन किया जा रहा है। प्रख्यात मॉडल अधीर भगवानानी और जया भगवानानी का रैम्प वॉक इस अवसर पर होगा, यही नहीं अविवाहित, विवाहित, वरिष्ठ मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग मतदाताओं के साथ ही साथ तीन पीढ़ियों के सदस्य रैम्प वॉक कर सभी को मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या की शुरूआत मरीन ड्राईव तेलीबांधा में शाम 06:30 बजे होगी।

युवा वोटर्स, अविवाहित, नववधू, तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करने वाले दादी, माँ, बेटी और दादा-दादी एवं पोता, 60 वर्ष से अधिक आयु वाले पुरूष व महिला मतदाता, ट्रांसजेंडर्स, दिव्यांग इस स्वीप संध्या में के रैम्प वॉक के प्रतिभागी होंगे। इसके लिए निर्धारित श्रेणियों के अंतर्गत 18 से 25 वर्ष के अविवाहित मतदाता, 01 वर्ष की नवविवाहिता मतदाता के साथ महिला पुरूष मतदाता वर्ग में पृथक-पृथक एक साथ तीन पीढ़ियां व ट्रांसजेंडर्स एवं दिव्यांग मतदाता रैम्प वॉक कर मतदान का संदेश देंगे। स्वीप संध्या में भाग ले रहें प्रतिभागियों को शाम 05 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के लिए कहा गया है।

रायपुर जिला प्रशासन के इस भव्य सांस्कृतिक आयोजन में कोई भी प्रतिभागी पंजीयन करा सकते है। इसके लिए जिला प्रशासन, नगर निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स जैसे- फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम में स्वीप संध्या संबंधी क्रिएटिव में प्रदर्शित क्यू-आर कोड स्कैन कर अपना नि:शुल्क पंजीयन करा सकते है। विशेष प्रदर्शन कर मतदान जागरूकता का संदेश देने वाले प्रतिभागियों को जिला प्रशासन रायपुर द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।


# सूखा व गीला कचरा अलग-अलग लेने तैयारी

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर निगम अब शहर के हर घर से सूखा और कचरा अलग - अलग लेने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने निगम के सभी 10 जोनों के जोन कमिश्नरों तथा जेडएचओ के साथ ही सफाई एजेंसी रामकी के अधिकारियों की बैठक लेकर रूपरेखा बनाई।

निगम मुख्यालय भवन के बाहर जोन कमिश्नरों और जेडएचओ के साथ ही निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे स्वच्छ भारत मिशन अभियान के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, योगेश कड़ू तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही इकट्ठे हुएथे। वहां पहुंचकर कमिश्नर मिश्रा ने अधिकारियों को पूछा कि किस - किसी जगह पर सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लिया जा रहा और जहां नहीं हो पा रहा है उसकी भी वजह पूछी। इस बारे में उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। इसके बाद सभी लोग सकरी साईट पहुंचे जहां रामकी के अधिकारी पहले से मौजूद थे। वहां भी सूखा और गीला पर ही अधिक चर्चा हुई। नागरिकों के घर से सूखा और गीला कचरा सेकेंडरी कलेक्शन तक अलग - अलग पहुंचे इसके लिए विचार विमर्श किया गया। वहां स्थित लैब की निरीक्षण किया गया। वहां पानी, मिट्टी आदि की जांच की जाती है। जिसके बारे में कमिश्नर मिश्रा ने रामकी के अधिकारियों से चर्चा की। अधिकारियों ने वहां कचरे के सेग्रिगेशन कार्यों को भी देखा। वहां कचरे से बनाए जा रहे खाद को भी देखा गया।

स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पाणिग्रही ने बताया कि शहर के हर घर से सूखा और गीला कचरे को अलग - अलग लेने पर कार्य चल रहा है। अब गलियों और सड़कों में कचरा लेने के लिए आने वाली गाडियों के साथ साथ दो स्वच्छता दीदियाँ चलेंगी जो कि सूखा और गीला कचरा अलग - अलग देने के लिए प्रेरित करेंगी।

# पक्षियों के लिए दाना पानी फीडर का वितरण



**रायपुर ( ए. )।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी का 7 वां ध्वजा महोत्सव 29 अप्रैल से 3 मई तक मनाया जावेगा। जिसमें 3 दिनों तक जीव दया के प्रकल्प होंगे। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि मूक पक्षियों के लिए आधुनिक दाना फीडर व पानी फीडर व प्लास्टिक सकोरे का वितरण किया जावेगा। जिसे घर की छत पर या बाल्कनी में आसानी से रखा व टांगा जा सकता है और स्वच्छता के साथ पक्षियों के दाना पानी दिया जा सकता है।

### 3 दिन मूक पशु पक्षियों की जीव दया

ट्रस्टी नीलेश गोलेछा व टीकम जैन ने बताया कि सर्वप्रथम 29 अप्रेल को सार्वजनिक पशु आहार गौशाला में घुमन्तु पशुओं के लिए हरी सब्जियां व चारा वितरण पखवाड़े का आरम्भ किया जावेगा। यहाँ पर आसपास क्षेत्र के सैकड़ों घुमन्तु पशुओं को प्रात: 6 बजे से 9 बजे तक प्रतिदिन चारे की व्यवस्था की जावेगी। अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि ध्वजा महोत्सव के अवसर पर पक्षियों के लिए नवीनतम दाना फीडर का वितरण किया जावेगा। प्रथम चरण में 100 नग दाना फीडर गुजरात से मंगाए गए हैं। ये आकर्षक व सुविधाजनक हैं , जिसका स्वच्छता के साथ उपयोग किया जा सकता है तथा इसमें रखे दाने खराब भी नही होंगे। इसके साथ में पानी रखने के लिए वॉटर फीडर व प्लास्टिक के सकोरे वितरित किए जावेंगे। जिन्हें छत पर, बाल्कनी में या गार्डन में रखा जा सकता है।

ट्रस्टी राजेश सिंघी व जय सांखला ने बताया कि 1 मई को भैरव सोसायटी व आसपास की कॉलोनी में घरों के सामने रखने हेतु कोटना लगाने रहवासियों को प्रेरित किया जावेगा, जिससे घरों में बचने वाली खाद्य सामग्री का उपयोग हो सके व गर्मियों में गाय , सांड़ , कुत्तों के लिए पीने का पानी सुलभ हो सके। ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य भगवंत जिनमणि प्रभ सूरीश्वर के शुभ आशीर्वाद से कार्यक्रम आयोजित है। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी की ध्वजा निमित्ते 2 मई को 18 अभिषेक पूजन रखा गया है व रात्रि 8 बजे से झूमो नाचो गावो। ध्वजा महोत्सव मनाओ का आयोजन होगा। 3 मई को प्रात: 8 बजे से सत्तरभेदी पूजा के साथ ध्वजारोहण होगा। महाविदेह क्षेत्र में विराजमान सीमंधर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा साथ ही तीर्थंकर परमात्मा की माता द्वारा देखे 14 महास्वप्न व पालना जी को बधाने व पूजन की बोलियां होगी। ध्वजा महोत्सव के विधिकारक विमल गोलछा विधि सम्पन्न कराएंगे। रात्रि खरतरगच्छ महिला परिषद व सीमंधर महिला मण्डल द्वारा पालना की भक्ति सह गुरु इक्तिसा संगीतोत्सव कार्यक्रम होगा।

खेल मैदान और बस डिपो बनाया जाएगा

# सरोना ट्रैचिंग ग्राउंड के कचरे को हटाकर बनाएंगे उद्यान

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने आज सरोना ट्रैचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया जहां कचरे को हटाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने यहां कार्य में और भी तेजी लाने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर श्री मिश्रा के साथ वहां स्वच्छ भारत मिशन अभियान के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, योगेश कड़ू, उपायुक्त आर के डोंगरे , स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही तथा जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। श्री मिश्रा वहां कचरे के निपटारे में लगी एजेंसी के अधिकारी से भी चर्चा की। सफाई कार्य में लगी मशीनों को लेकर उन्होंने नाराजगी भी जताई। उन्होंने कहा और मशीनें लगाकर कार्य को जल्द से जल्द खत्म किया जाए।

नोडल अधिकारी योगेश कड़ू ने बताया कि सरोना में करीब साढ़े चार कचरा मौजूद था। जिसमें से सवा लाख कचरे को उपचारित कर लिया गया है। जो खाद के लायक हो गई थी, उसका खाद बनाकर उपयोग किया जा रहा है। वहीं जो कचरा कोई काम का नहीं था, उसे सीमेंट फैक्ट्रियों में भेजकर कोयले के रूप में प्रयोग किया जा रहा है।





निरीक्षण के दौरान श्री मिश्रा ने कहा कि इस जगह के खाली होने पर कोई अवैध कब्जा ना करले उसका भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि निगम के स्वामित्व वाली 40 एकड़ की इस जगह में एनजीटी के मानदंडों के अनुरूप यहां की खाली हो रही जगह पर पौधरोपण कर यहां उद्यान और खेल मैदान बनाई जाए। साथ ही यहां बस डिपो बनाने की भी योजना बनाई गई। यहां के कुछ एकड़ में सिटी बस डिपो बनाया जाएगा। जिसमें 100 सिटी बसें एक साथ रखी जा सकेगी।

### सड़कों की सुंदरता लाने नगर निगम ने किया फोकस

रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के सातों प्रवेश द्वारों के साथ ही शहर के भीतर के सड़कों पर हरियाली और बिजली जैसी व्यवस्थाएं कर सौन्दर्यकरण का कार्य किया जाएगा। इसके लिए निजी एजेंसियों की भी मदद ली जाएगी। इसी योजना के तहत निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को एक्सप्रेस वे, गौरव पथ और केनाल रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अपर आयुक्त विनोद पांडे तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

शहर प्रवेश के सातों मार्गों के शहर ही भीतर की सड़कों पर हरियाली कर सौंदर्यीकरण कर सुंदरता लाने, रात में बिजली की पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने के साथ ही साफ- सफाई पर भी काम करने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ये सभी कार्य निजी एजेंसियों के माध्यम से विज्ञापन मॉडल पर करवाया जाएगा। इससे निगम की बचत होगी। साथ ही मेन्टेन्स का भी काम भी उन्हीं एजेंसियों को दिया जाएगा।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# नोरा फतेही का पपाराजी की 'गंदी नजरों' पर फूटा गुस्सा

## जूम कर ऐसे शॉट्स लेते हैं, जैसे पहले नहीं देखा हो



नोरा फतेही यूं तो पपाराजी के कैमरे के सामने हमेशा कम्फर्टेबल नजर आई हैं, लेकिन अब उन्होंने उनके खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की है। एक्ट्रेस ने कहा है कि वो उनके बैक पर कैमरा ज़ूम करते हैं, ऐसा लगता है कि उन्होंने पहले कभी इस तरह का बैक नहीं देखा हो।

देखा जाए तो पपाराजी के बिना फिल्मी सितारों की चमक-धमक अधूरी है। हालांकि, कई बार इन दोनों के बीच की ट्विनिंग खूब जमती है तो कई बार कुछ सितारों और पपाराजी के बीच कभी नहीं बनती। ऐसे तमाम उदाहरण हैं जहां फिल्मी सितारे पपाराजी पर अक्सर बरसते दिखते हैं या फिर उनसे कटने की कोशिश करते हैं। वहीं कुछ सितारे अक्सर इनलोगों के साथ मजाक-मस्ती करते दिखते हैं और इंटरनेट पर लोग इन्हें खूब पसंद भी करते हैं। हालांकि, कई ऐसी एक्ट्रेस हैं जिन्होंने अपने इंटरव्यू में कहा है कि पपाराजी उनके बॉडी पार्ट्स को ज़ूम करके दिखाने की कोशिश करते हैं। हाल ही में आयोजित एक अवॉर्ड सेरिमनी में मृणाल ठाकुर ने उन पपाराजी को चुप करा दिया था जब उन्होंने उनसे बैक पोज देने के लिए कहा। पलक तिवारी ने भी उन पपाराजी को फटकार लगाई थी जब उनसे रिक्वेस्ट करने के बावजूद उन्होंने उन्हें पीछे से क्लिक करने की कोशिश की। हालांकि, नोरा फतेही पपाराजी कल्चर में काफी फिट दिखती हैं और अक्सर उनके लिए बेफिक्र होकर पोज़ भी देती हैं, लेकिन इस बार उन्होंने भी अपनी नाराजगी जाहिर की है।

### नोरा ने कहा- बेवजह अन्य बॉडी पार्ट्स को जूम करते हैं

नोरा ने इस बारे में बातें करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि उन्होंने (पपाराजी) पहले कभी ऐसा बैक नहीं देखा है। जो है सो है। वो सिर्फ मेरे साथ ही ऐसा नहीं करते बल्कि अन्य फीमेल कलाकारों के साथ भी ऐसा करते हैं। शायद वे उनके बैक पर ज़ूम नहीं करते क्योंकि वो एक्साइटिंग नहीं लगता, लेकिन वे बेवजह अन्य बॉडी पार्ट्स को जूम करते हैं। कभी-कभी मुझे लगता है कि जूम करने के लिए कुछ भी नहीं है तो वे किस पर फोकस करने की कोशिश करते हैं?'

### नोरा बोलीं- मुझे अपनी बॉडी पर गर्व है

नोरा ने अपनी बॉडी को लेकर बातें करते हुए कहा, 'मेरे पास सौभाग्य से एक अच्छी बॉडी है और मुझे अपने एसेट्स पर गर्व है। मैं इसे लेकर शर्मिंदा नहीं हूं।' नोरा फतेही अपकमिंग फिल्मों में 'हॉउसफुल 5' और साजिद खान के निर्देशन में बन रही '100 परसेंट' शामिल हैं।

# आरती ने हल्दी में लगाए ठुमके, होने वाले पति ने गोद में उठाकर किया डांस

**कृष्णा अभिषेक की बहन और गोविंदा की भांजी आरती सिंह 25 अप्रैल को दीपक चौहान से शादी कर रही हैं। इससे पहले, उनकी हल्दी सेरेमनी में आरती ने जमकर डांस किया। उनके मंगेतर दीपक ने उन्हें गोद में उठाकर डांस किया। पूरा परिवार खुशी से झूम रहा था। आइए दिखाते हैं।**

टेलीविजन एक्ट्रेस आरती सिंह, दीपक चौहान से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो मुंबई के एक बिजनेसमैन हैं। एक्ट्रेस की अरेंज मैरिज है और उनके मंगेतर ने उन्हें एक मंदिर में अंगूठी के साथ प्रपोज किया था। आरती के भाई कृष्णा अभिषेक और उनकी भाभी कश्मीरा शाह उनके इस खास दिन को और खास बनाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। एक बार, एक मीडिया बातचीत में, कश्मीरा ने खुलासा किया कि वे अपनी शादी को एंजॉय नहीं कर पा रहे थे क्योंकि वे भाग गए थे। वे आरती की शादी में सारी कसर पूरी कर रही हैं।

22 अप्रैल, 2024 को आरती सिंह के परिवार ने उनके लिए हल्दी की मेजबानी की। वीडियो में, वह रंगीन गुलाबी रंग की ब्रालेट-चोली के साथ हल्के हरे रंग की टोन वाली लहंगा स्कर्ट पहने हुए दिखाई दे रही थीं, जिस पर कई रंग थे। आरती लंबे फूलों वाले कलीरे पहनकर बेहद खुश लग रही थीं। होने वाली दुल्हन ने अपना हल्दी-रंगा चेहरा भी दिखाया और दिल खोलकर डांस किया। एक बार फिर उनके साथ उनकी कजिन रागिनी खन्ना भी दिखीं।

### आरती सिंह की हल्दी

19 अप्रैल, 2024 को, आरती सिंह ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने घर पर ढोल की थाप पर डांस करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे हल्दी की रात के लिए खूबसूरती से सजाया गया था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उनके मंगेतर दीपक ने उन्हें ढोल बजाकर चौंका दिया क्योंकि वह चाहते थे कि वो इसे खुलकर एंजॉय करें। जिम से घर वापस आने के बाद एक्ट्रेस हैरान हो गईं।

### काशी विश्वनाथ मंदिर में शादी का कार्ड



बता दें कि आरती सिंह जल्द ही 25 अप्रैल, 2024 को मुंबई के बिजनेसमैन दीपक चौहान से शादी करने जा रही हैं। तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और हाल ही में आरती काशी विश्वनाथ मंदिर में शादी का निमंत्रण लेकर गईं। एक्ट्रेस लाल रंग के कपड़ों में सजी हुई थीं और उनके हाथ में शादी का कार्ड था। होने वाली दुल्हन ने मैचिंग ब्लाउज के साथ शानदार लाल साड़ी पहनी थी।

# अवनीत कौर ने स्टायलिश आउटफिट में ढाया कहर

**अभिनय की दुनिया से ताल्लुक रखने वाली अवनीत कौर को भला कौन नहीं जानता है। ये अक्सर अपने ग्लैमरस लुक के चलते सोशल मीडिया पर छाई रहती है।**



टेलीविजन और फिल्म अभिनेत्री अवनीत कौर अपने स्टाइलिश लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए अक्सर सुर्खियों में रहती हैं. हाल ही में, उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह नीले रंग के स्टाइलिश आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. इन तस्वीरों में अवनीत कौर एक स्विमिंग पूल के पास खड़ी हैं और कैमरे के लिए पोज दे रही हैं. अवनीत ने नीले रंग का क्रॉप टॉप और पैंट पहना हुआ है. उन्होंने अपने लुक को सिल्वर ईयररिंग्स और ग्लोइंग मेकअप से पूरा किया है. खुले बालों और आत्मविश्वास से भरी मुस्कान के साथ अवनीत कौर इस लुक में स्टनिंग लग रही हैं.

एक्ट्रेस का सोशल मीडिया अकाउंट को खंगालने पर अदाकारा की एक से बढ़कर एक फोटो देखने को मिल जायेगी। बाकी एक्ट्रेस के जैसे अवनीत कौर भी सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती है।

मनोरंजन की दुनिया में अवनीत की लोकप्रियता जाने-माने टीवी शो 'अलादीन' से हुई थी।इस शो में उन्होंने शहजादी यास्मीन का किरदार बखूबी रूप से निभाया था। जोकि दर्शकों को खासा पसंद आया था । वही सोशल मीडिया अकाउंट पर अवनीत के 32 मिलियन से भी अधिक फॉलोअर्स है।अवनीत एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के तौर पर भी जानी जाती है। अवनीत के फिल्मी प्रोजेक्ट का जिक्र करे तो ये नवाजुद्दीन सिद्दिकी की फिल्म टीकू वेड्स शेरू से हिंदी फिल्मों में डेब्यू किया था। इस फिल्म में एक्ट्रेस अपने दे दुगने उम्र वाले स्टार को किस करने को लेकर एक्ट्रेस खासा चर्चा में रही।

# 'बिग बॉस ओटीटी-3' देखने के लिए अब देने होंगे पैसे!

## फ्री में नहीं आएगा शो






कई दिनों से खबर थी कि 'बिग बॉस ओटीटी 3' इस साल नहीं आएगा लेकिन अब नई रिपोर्ट्स दावा करती हैं कि इस बार भी शो आएगा और जून में ये स्ट्रीम करेगा। हालांकि, इस बार का सीजन देखने के लिए दर्शकों को पैसे चुकाने होंगे। ये फ्री में उपलब्ध नहीं होगा। इसके लिए कंटेस्टेंट्स की संभावित लिस्ट भी आ चुकी है।

नए रिपोर्ट्स से पता चला है कि 'बिग बॉस ओटीटी' का आगामी सीजन स्ट्रीम करने के लिए पैसे चुकाने पड़ेंगे, ये मुफ्त में नहीं होगा कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में विक्की जैन, मैक्सटर्न, ठगेश, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, श्रीराम चंद्रा, शीजान खान, अरहान बहल जैसे नाम शामिल हैं

'बिग बॉस ओटीटी 3' को लेकर काफी चर्चा हो रही है। जब पहले बताया गया था कि नया सीजन इस साल नहीं आएगा, तब भी चीजें चर्चा में थीं। अब नए अपडेट के अनुसार, 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' फिर से सुर्खियों में आ गया है। इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की है और बताया है कि नया सीजन जून के पहले हफ्ते में प्रसारित होगा। हालांकि, नए रिपोर्ट्स से पता चला है कि 'बिग बॉस ओटीटी' का आगामी सीज़न स्ट्रीम करने के लिए पैसे चुकाने पड़ेंगे, ये मुफ़्त में नहीं होगा।

जिओ सिनेमा पर स्ट्रीम होने वाला बिग बॉस ओटीटी-3 इस साल फ्री में नहीं देख पाएंगे। इसका मतलब है कि अगर दर्शक रियलिटी शो का नया सीजन देखना चाहते हैं तो उन्हें एक योजना की सदस्यता लेनी होगी। एक सूत्र ने यह भी बताया कि जिओ टीम 25 अप्रैल को बड़ी घोषणा करने की प्लानिंग कर रही है। सूत्र ने यह भी बताया कि कुछ पेड कंटेंट की घोषणा की जाएगी और 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखने के लिए अब पैसे लग सकते हैं।

### 'बिग बॉस ओटीटी 3' कंटेस्टेंट्स लिस्ट

एक दूसरे सूत्र ने शेयर किया है कि नए बिग बॉस ओटीटी सेट पर काम शुरू हो चुका है। हालांकि, इस नए ओटीटी सीजन को सलमान खान होस्ट करेंगे या नहीं, इस बारे में कोई अपडेट नहीं है। अब तक, कंटेस्टेंट्स की लिस्ट में विक्की जैन, मैक्सटर्न, ठगेश, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, श्रीराम चंद्रा, शीजान खान, अरहान बहल जैसे नाम शामिल हैं।

# प्राइम वीडियो ने अनुष्का स्टारर यंग एडल्ट-ड्रामा दिल दोस्ती डिलेमा का ट्रेलर रिलीज

## 25 अप्रैल को होगा प्रीमियर



प्राइम वीडियो ने आज अपने आने वाले यंग एडल्ट ड्रामा, दिल दोस्ती डिलेमा का बड़ा ही दिलचस्प और दिल को छू लेने वाला ट्रेलर जारी किया। नए जमाने के युवाओं पर आधारित यह मनोरंजक ऑरिजिनल सीरीज़, पेंगुइन रैंडम हाउस द्वारा प्रकाशित और अंदलीब वाजिद द्वारा लिखी गई किताब अस्माराज़ समर से प्रेरित है, जिसे टेन इयर्स यंगर प्रोडक्शंस उसने प्रोड्यूस किया है।

सीरीज में सीमा महापात्रा और जहाँआरा भार्गव क्रिएटिव प्रोड्यूसर के रूप में काम किया। डेब्बी राव के डायरेक्शन में बनी, तथा अनुराधा तिवारी, बग्स भार्गव कृष्णा, राघव दत्त और मंजिरी विजय द्वारा लिखी गई सात एपिसोड की यह सीरीज फील-गुड ड्रामा है, जिसमें अपनी जड़ों से जुड़े रहने, रिश्तों को संजोकर रखने और अपने वजूद की तलाश करने की अहमियत पर बल दिया गया है।

इस सीरीज़ में कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने साथ मिलकर काम किया है, जिसमें अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आज़मी, और शिशिर शर्मा ने मुख्य किरदार निभाए हैं, जबकि श्रुति सेठ, सुहासिनी मुले, विशाखा पांडे, रेवती पिल्लई, और एलीशा मेयर अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर दिल दोस्ती डिलेमा का प्रीमियर हिंदी में होगा, साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में इसकी डबिंग भी उपलब्ध होगी।

डायरेक्टर, डेब्बी राव ने कहा, दिल दोस्ती डिलेमा मेरे लिए बेहद खास प्रोजेक्ट है। हम पहले भी पुष्पावल्ली के लिए साथ काम कर चुके हैं और यह मेरी पसंदीदा स्ट्रीमिंग सर्विस प्राइम वीडियो के साथ हमारी दूसरी साझेदारी है। जब मेरे पास यह स्क्रिप्ट आई तोह इसकी संपूर्ण मनोरंजन करने की क्षमता ने मुझे बहुत प्रभावित किया। अनुष्का सेन कहती हैं, इस सीरीज की स्क्रिप्ट पढ़कर मुझे ऐसा लगा, मानो मैं अस्मारा के किरदार में अपना एक अंश ढूंढ रही हूँ, जिसका अंदाज मेरे जैसा होते हुए भी मुझसे जुदा भी है। सच कहूं तो मुझे इस कहानी की जो बात सबसे अच्छी लगी, वो ये है कि यह दोस्ती और परिवार के रिश्तों की अहमियत को बयां करती है।

# पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनने से क्या पैरों को मिलता है आराम?

गर्मियों के दिनों में लोगों को पांव में मोजे पहनने से काफी दिक्कत होती हैं। कई लोग पैरों में फुंसियां, जलन जैसी चीजों से परेशान रहते हैं। गर्मी के मौसम में अधिकतर लोग सॉक्स पहनने से कतराते हैं। लेकिन ऑफिस या किसी काम से बाहर जाते वक्त सॉक्स पहनना बेहद जरूरी हो जाता है। ऐसे में कई लोग पैरों को कुल रखने के उपाय ढूंढते हैं। अगर आप भी अपने पैरों को मुलायम रखना चाहते हैं, तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको ऐसी ट्रिक के बारे में बताएंगे जिन्हें फॉलो कर आप अपने पैरों को गर्मी के मौसम में स्वस्थ रख सकते हैं। आईए जानते हैं इसके बारे में।

### पांव में पाउडर के फायदे




पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनने से पैरों को थोड़ी देर के लिए आराम मिल सकता है। इसके कई फायदे होते हैं जैसे पाउडर नमी को सोख लेता है, जिससे पैरों में फफोले और खुजली नहीं होती है। गर्मी के दिनों में सॉक्स पहनने पर जो फुंसियां होने लगती है, उन फुंसी से भी पाउडर छुटकारा दिलाता है।

पाउडर त्वचा और सॉक्स के बीच में घर्षण को कम करता है। पाउडर की मदद से पैरों में होने वाले छाले और जलन से छुटकारा पा सकते हैं। इसके अलावा जब लोग शूज उतार कर कुछ काम करते हैं, तो उनके पैरों से बदबू आने लगती है। वहीं पाउडर लगाने से इस बदबू को कम किया जा सकता है।

### हो सकते हैं ये नुकसान

लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हो सकते हैं। कई लोगों को पाउडर की वजह से फंगस और बैक्टीरिया जैसे संक्रमण हो सकते हैं। कुछ लोगों को पाउडर से एलर्जी हो सकती है, जिससे उनके पैरों में जलन होने लगती है। पाउडर त्वचा और सॉक्स में जमी गंदगी को पैदा करता है।

### इन बातों का रखें ध्यान

त्वचा को स्वस्थ रखने के लिए आप पैरों को अच्छी तरह से धोएं, धुले हुए सॉक्स पहने, सॉक्स को रिपीट न पहने, कोशिश करें मोजे थोड़े ढीले रहे, पैरों पर रोजाना मॉइश्चराइजर लगाएं, पांव में पाउडर लगाकर सॉक्स पहनना थोड़ी देर के लिए आराम दे सकता है। लेकिन यह एक स्थायी समाधान नहीं है। अगर इन उपायों को करने के बाद भी आपको एलर्जी जैसा लगता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135, NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### जनहित से सरोकार रखने वाले निर्माण कार्यों को समय अवधि में करें पूर्णः कलेक्टर

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने लोकसभा निर्वाचन-2024 में शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान प्रक्रिया संपन्न करने के लिए संबंधित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई सहित आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चूंकि अभी भी आदर्श आचार संहिता जारी है, अतः कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय ना त्यागे। इसके अलावा इस अवधि में जनहित से जुड़े निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय एजेंडा के कार्यों की प्रगति के बारे में जानना चाहा और चल रहे कार्यों को त्वरित गति से प्रगति लाने की बात भी कहीं। बैठक में कलेक्टर ने जिला खनिज न्यास निधि अंतर्गत चल रहे, निर्माण कार्यों एवं पीएमजीएसवाय के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए पूर्व में संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में जानकारी ली और कहा कि जो भी निर्माण कार्य पूर्व में संचालित किए गए थे। उसमें प्रगति लाकर द्रुत गति से कार्यों को पूर्ण करें। इसके अलावा उन्होंने आवास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से हितग्राहियों से संपर्क कर आवास निर्माण कार्य में प्रगति लाएं। इसके अलावा बैठक में जन शिकायत, जन दर्शन, संपर्क तथा अन्य प्रकार की शिकायत संबंधी पोर्टल दर्ज प्रकरणों के त्वरित निराकरण कर फाइलों को तत्काल विलोपित करने के संबंध में भी निर्देश दिए गये।

### मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला की गई आयोजित

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग और रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्थानीय स्वामी आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल बठेना में आयोजित इस कार्यशाला में प्रशिक्षकों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, भावनाओं की अभिव्यक्ति, तथा किशोरों में होने वाली मानसिक समस्याओं एवं उनके उपाय के बारे में विभिन्न खेल गतिविधियों के जरिए समझाया गया। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर तेजपाल ध्रुव, कल्पना ध्रुव, जिला शिक्षा अधिकारी जांगड़े, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मंडल, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रिया कंवर, एनसीडी कंसलटेंट श्रीकांत चंद्राकर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ रचना पदमवार, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट प्रीति चांडक सहित योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

### शंकराचार्य भवन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत युवा सम्मेलन

**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक गत दिवस जिला मुख्यालय स्थित शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में मतदाता जागरूकता युवा सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर मलिक ने विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग का अवलोकन किया तथा सराहना की। कार्यक्रम में महासमुंद विकासखंड के कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोकतंत्र में युवाओं की भूमिका पर अपने-अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कलेक्टर मलिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है, इससे हमारा और देश का भविष्य निर्धारित होता है। हमें सशक्त और मजबूत लोकतंत्र के लिए सोच समझकर योग्य अभ्यर्थी को मतदान करना चाहिए।

# डबल इंजन की सरकार को लोग अपना स्नेह और आशीर्वाद दे रहे हैं - मुख्यमंत्री साय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ समेत देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है। मैं लगातार छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट का दौरा कर रहा हूं। शहर से लेकर दूरस्थ अंचल तक मोदी और उनकी अगुआई में चल रही डबल इंजन की सरकार को लोग अपना स्नेह और आशीर्वाद दे रहे हैं। ये कहना है प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का। साय ने कहा कि मतदाता इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट करके विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहते हैं। हमारे पास विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाएं लोगों के जीवन स्तर में बदलाव लेकर आई हैं। हम छत्तीसगढ़ में सभी 11 लोकसभा सीट जीतकर भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे को सफल बनाएंगे।**



भूपेश बघेल और कांग्रेस द्वारा सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हो रही मुठभेड़ को फर्जी कहने पर मुख्यंत्री ने इसे कांग्रेस का चरित्र बताया। उन्होंने कहा कि नक्सल समस्या को लेकर कांग्रेस का हमेशा दोहरा चरित्र रहा है और उन्हें लगता है कि नक्सल समस्या के खात्मे के लिए पहले कांग्रेस को खत्म करना होगा। वो बोले हमारे वीर जवानों ने 16 अप्रैल को कांकेर के छोटेबेठिया क्षेत्रांतर्गत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया गया है। यह छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान को मिली अब तक की सबसे बड़ी ऐतिहासिक सफलताओं में एक है। हमारे जवानों के इस पराक्रम पर गर्व की जगह कांग्रेस एनकाउंटर पर सवाल उठा रही है। नक्सलियों को शहीद बताने वाली कांग्रेस के हाथ नक्सलवाद के खून में रंगे हैं। मोदी जी जब से प्रधानमंत्री बने हैं, नक्सलवाद में कमी आई है। राज्य के एक छोटे से हिस्से में सिमटे नक्सलवाद को हम जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस के लिए आदिवासी वोट बैंक हो सकते हैं, भाजपा के लिए वह परिवार हैं. आदिवासियों के विकास को लेकर यदि कोई दल प्रतिबद्ध है तो वह भारतीय जनता पार्टी है. केंद्र में आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाने की बात हो या आदिवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ का गठन, बीजेपी ने ही इसे साकार किया है. देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति पीएम मोदी की दूरदृष्टि से मिली हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों के बीच से निकले उनके परिवार के सदस्य को प्रदेश को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया. केंद्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा जी जन्मजयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मान्यता दी. सिर्फ चार महीने के भीतर छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के कल्याण को लेकर हमने कई योजनाएं संचालित की हैं. हरा सोना कहे जाने वाले तेंदुपत्ता पर संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा संग्रहण दर प्रदान की जा रही है.

एक तरफ हमारी सरकार आदिवासियों के उत्थान पर जोर दे रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और उसके युवराज राहुल गांधी आदिवासियों को वनों से दूर करने वाली नई परिभाषा गढ़ रहे हैं. आदिवासियों को कांग्रेस ने हमेशा सत्ता सुख भोगने के लिए गुमराह किया है, लेकिन अब वह बेनकाब हो चुकी है. विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में आदिवासी मतदाता कांग्रेस का अंतिम विसर्जन करेंगे.

नक्सलवाद के खात्मे के लिए कांग्रेस को समाप्त करने की बात पर सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से नक्सलवाद की पोषक रही है। नक्सलवाद के जरिए वह वोटों की खेती करना चाहती है। जनता अब कांग्रेस की मंशा को समझ चुकी है। राजनीति में हर व्यक्ति और दल को अपनी बात कहने का अधिकार है, लेकिन संवैधानिक मूल्यों के विपरीत चलने वालों का समर्थन लेना और देना, यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। आपातकाल की जनक कांग्रेस का वैसे भी लोकतंत्र पर भरोसा नहीं रहा है। नक्सलियों और आतंकवादियों को सम्मानजनक शब्दों से अलंकृत करने वालों को जनता स्वयं जड़ से उखाड़ फेंकेगी।नया मतांतरण निषेध कानून लाने की बात पर विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मतांतरण किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कथित समाज सेवा के नाम पर भोले-भाले आदिवासियों की सांस्कृतिक अस्मिता के साथ खिलवाड़ करने वालों पर कानून सख्ती से अपना काम करेगा। प्रलोभन देकर या जबरन मतांततरण करने वाले कानून की कमियों का फायदा उठाकर ऐसा करने की सोच भी न सकें, इसलिए हम और भी सख्त कानून बनाने जा रहे हैं। कानून को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अगले विधानसभा सत्र में इसे पेश किया जाएगा। इस कानून में मतांतरण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हर हथकड़ों पर कार्रवाई करने का अधिकार पुलिस एवं प्रशासन को रहेगा।

साय ने कहा कि कांग्रेस के लिए आदिवासी वोट बैंक हो सकते हैं, भाजपा के लिए वह परिवार हैं। आदिवासियों के विकास को लेकर यदि कोई दल प्रतिबद्ध है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। केंद्र में आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाने की बात हो या आदिवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ का गठन, बीजेपी ने ही इसे साकार किया है। देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति पीएम मोदी की दूरदृष्टि से मिली हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासियों के बीच से निकले उनके परिवार के सदस्य को प्रदेश को पहला आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया। केंद्र सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा जी जन्मजयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मान्यता दी। सिर्फ चार महीने के भीतर छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के कल्याण को लेकर हमने कई योजनाएं संचालित की हैं। हरा सोना कहे जाने वाले तेंदुपत्ता पर संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा संग्रहण दर प्रदान की जा रही है। हम गोंड़ी और हल्बी जैसी भाषाओं के अनुवाद के लिए आदिमजाति भाषा परिषद का गठन करने जा रहे हैं। सौ से अधिक वनोपज की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित की जा रही है। एक तरफ हमारी सरकार आदिवासियों के उत्थान पर जोर दे रही है, वहीं कांग्रेस पार्टी और उसके युवराज राहुल गांधी आदिवासियों को वनों से दूर करने वाली नई परिभाषा गढ़ रहे हैं। आदिवासियों को कांग्रेस ने हमेशा सत्ता सुख भोगने के लिए गुमराह किया है, लेकिन अब वह बेनकाब हो चुकी है। विधानसभा के बाद लोकसभा चुनाव में आदिवासी मतदाता कांग्रेस का अंतिम विसर्जन करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता संगठन का चेहरा है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत की ओर आगे ले जाने में जुटा है। हमने राज्य में तीन महीने से कम समय में मोदी जी द्वारा दी गई कई बड़ी गारंटियों को पूरा किया है। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी का रिकॉर्ड बना है। हमने किसानों को 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान बिक्री की सौगात दी है। कांग्रेस हमेशा बोनस-बोनस का राग अलापती रही। मेरी सरकार ने धान के बकाया बोनस के साथ कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत अंतर राशि भी प्रदान करने का काम किया है। प्रदेश में महतारी वंदन योजना के जरिए 12 हजार रुपए हर साल महिलाओं दिए जाने की शुरुआत हो चुकी है। मैंने तय किया था कि 18 लाख गरीब परिवारों को पीएम आवास का घर देने से जुड़ी फाइल पर दस्तखत के बाद ही सीएम हाउस में प्रवेश करूंगा। पहली कैबिनेट में ही इस प्रस्ताव को मंजूरी दी।

## मजबूत लोकतंत्र में महिला मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को किया जा रहा प्रोत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**धमतरी।** देश के मजबूत लोकतंत्र की नींव मतदाता होते है। क्योंकि मतदाता ही अपने अधिकार का उपयोग कर एक मजबूत नेतृत्व तैयार करते है। देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाने में जितना योगदान पुरूषों का होता है, उतना ही योगदान महिलाओं का भी हो होता है। मजबूत लोकतंत्र में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

यदि महिलाएं जागरूक हो तो वह स्वयं को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी, साथ ही अपने परिवार के अन्य सदस्यों एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित कर मतदान केन्द्र तक पहुंचाने का माद्दा रखती है। हम महिलाओं की स्थिति का आंकलन करें तो पता चलेगा कि वैदिक युग से लेकर वर्तमान समय तक महिलाओं की सामाजिक स्थिती में अनेक तरह के उतार-चढ़ाव आते रहे हैं और उसके अनुसार ही उनके अधिकारों में बदलाव भी होता रहा है. इन बदलावों का ही परिणाम है कि आज देश में महिलाओं का योगदान भारतीय राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं में दिनों-दिन बढ़ रहा है, जो कि समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक सफल प्रयास है। लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र की पहचान, सशक्त नारी शत-प्रतिशत मतदान, मतदान आपका हक है और जिम्मेदारी भी, सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, वोट की कीमत कभी न लेंगे, लेकिन वोट जरूर देंगे, जब भी वोट डालने जाएं, पहचान पत्र साथ ले आएं, वोट हमारा है अनमोल, कभी ना लेंगे इसका मोल, चुनाव का पर्व, देश का गर्व, लोकतंत्र का भग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता, मेरा मत, मेरा अधिकार का संदेश भी दे रही है। वर्तमान चुनावी परिवेश एक मजबूत लोकतंत्र की स्थापना में महिला मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करना अनिवार्य है। इसी से ही देश को कुशल नेतृत्व और मजबूत लोकतंत्र की प्राप्ति होगी।

इसके लिए जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लगने के साथ ही ब्लॉक स्तर पर ही नहीं बल्कि हर ग्राम पंचायत, वार्ड एवं गली मोहल्ले में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता को मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही जिले में शत प्रतिशत महिला मतदाता बूथ तक पहुंचे इसके लिए मतदान केन्द्रों में महिलाओं के लिए सुविधायें भी विकसित की गयी है, जिनकी भी जानकारी महिलाओं को दी जा रही है ताकि उन्हें मतदान केन्द्र तक आने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। मतदान दिवस में अधिक से अधिक महिलायें अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए महिलाओं से संबंधित महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को मतदान की शपथ दिलायी जा रही है।

## आम जनता महंगाई और शिक्षित युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं : ज्योत्सना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा की सांसद व प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा व जनसंपर्क कर कांग्रेस के न्याय पत्र की खूबियों को बताया। अगले 5 साल कांग्रेस की सरकार चुनकर देने का आह्वान आम जनता से करते हुए सांसद ने कहा कि 10 साल तक भाजपा की सरकार ने बड़े-बड़े वादे किए लेकिन पूरा एक भी नहीं हुआ।

महंगाई चरमसीमा पर है, भ्रष्टाचार बढ़ें हैं और बेरोजगारी की मार हर पढ़ा-लिखा युवा झेल रहा है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम घिनारा, नवापारा, घरीपखना, केराकछार, जूनापारा आदि गांवों में सांसद ने उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने किसान, मजदूर, महिला, बेरोजगारों को न्याय देने के लिए न्याय पत्र तैयार किया है। देशभर के मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए मजदूरी के साथ जीवन बीमा का भी लाभ दिया जाएगा। किसानों को कर्ज माफी के साथ-साथ जीएसटी मुक्त खरीदारी का लाभ मिलेगा और प्राकृतिक आपदा से फसल की नुकसानी पर 30 दिन के भीतर मुआवजा देंगे। महिलाओं को सम्मान स्वरूप हर साल 1 लाख रुपए और 5 साल में 5 लाख देने का वादा हमने किया है जो सरकार बनते ही पूरा किया जाएगा जिससे महिलाओं का आर्थिक स्वालंबन होगा और वे एक बड़ी बचत भी कर सकेंगी।

सांसद ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं को 30 लाख नौकरियां दी जाएंगी जिसमें अकेले छत्तीसगढ़ में ही 1 लाख नौकरी मिलेगी। पढ़े-लिखे युवाओं को उद्योग के लिए भी रुपए दिए जाएंगे और उन्हें प्रशिक्षण भी मिलेगा। किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी, जातिगत जनगणना, इसके आधार पर आरक्षण, आरक्षण से 50 प्रतिशत की सीमा हटाने, अग्निवीर योजना बंद करने का वादा किया गया है।

## भाजपा का हर कार्यकर्ता हनुमान जी से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कर रहा काम : भावना बोहरा

### विधायक बोहरा ने कार्यकर्ताओं संग किया हनुमान चालीसा पाठ, भाजपा की जीत के लिए जनता से माँगा आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कवर्धा।** हनुमान जन्मोत्सव पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने समस्त क्षेत्रवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कर भाजपा की जीत की कामना कर जनता से समर्थन व आशीर्वाद माँगा। उड़ियाखुर्द, कारेसरा, हथलेवा, गोछिया, बगदई, ढोरली, दरिगंवा, पटपर, ढोढमा नवापारा, बीजा बैरागी, मजगाँव और झाडूटोला में जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों को नरेंद्र मोदी की योजनाओं और विष्णु देव सरकार के कार्यों के बारे में जानकारी देकर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

इस अवसर पर ढोढमा नवापारा में भावना बोहरा ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक स्वर में हनुमान चालीसा का पाठ किया और सभी को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं के साथ-साथ ग्रामवासियों ने भी हनुमान चालीसा का पाठ किया और तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पवनपुत्र का समर्पण भाव समस्त रामभक्तों के लिए सदैव प्रेरणाशक्ति बना रहेगा। उनकी कृपा से भारत के प्रधानमंत्री विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान जी कृपा और आशीर्वाद हम सभी के साथ हैं और लोकसभा चुनाव में हनुमान जी और जनता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर हम जीत का परचम जरुर लहरायेंगे और तीसरी बार मोदी सरकार बनाएंगे। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद इस वर्ष रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर देश में एक अलग ही उत्साह और आनंद दिखाई दे रहा है। इस उत्साह और आनंद की वजह अयोध्या में निर्मित राम लला के भव्य-नव्य-दिव्य मंदिर का निर्माण है जिसके लिए नरेंद्र मोदी के साथ करोड़ों कार्यकर्ता, देशवासी और कारसेवक समर्पित रहे।

भावना बोहरा ने आगे कहा कि आज हम सभी ने इस उत्सव को भव्य बनाने के लिए यहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया, जिसमें कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र की जनता का भी अपार उत्साह देखने को मिला। प्रभु श्रीराम के प्रति जनमानस में आस्था और हनुमान जी के प्रति उनकी निष्ठा से अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को हम जरुर पूरा करेंगे और विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए भारत को निरन्तर विकास पथ पर गतिमान करेंगे। अयोध्या में निर्मित राम मंदिर हमारे लिए आस्था का वह केंद्र बिंदु है जिसके लिए स्व अटल से लेकर लाल कृष्ण आडवानी ने हमेशा प्रयास किया और आज उनके मार्गदर्शन एवं संकल्पों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। उन्होंने आगे कहा कि हनुमान जी का जीवन आज भी हमें भारत की विकास यात्रा में प्रेरणा देते हैं।जब लक्ष्मण जी पर संकट आया तब हनुमान जी पूरा पर्वत ही उठाकर ले आए। आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। हनुमान जी के पास असीम शक्ति है लेकिन इस शक्ति का इस्तेमाल वो तभी कर पाते हैं जब स्वयं पर से उनका संदेह समाप्त हो जाता है। 2014 से पहले भारत की भी यही स्थिति थी, लेकिन आज भारत बजरंगबली की तरह अपने भीतर समाहित शक्तियों का आभास कर चुका है।



















## खास खबर

### फंदे से लटका मिला युवक का शव कान में लगा था हेडफोन, शादी समारोह में गए हुए थे माता-पिता

**कोरबा।** कोरबा के पंप हाउस क्षेत्र में रहने वाले एक 23 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक ने किन कारणों से यह कदम उठाया है इस बात का पता नहीं चल सका है। मृतक का नाम हर्ष केसरवानी है। लोगों को जैसे ही हर्ष द्वारा खुदकुशी किए जाने की सूचना मिली वैसे ही मौके पर लोगों के भीड़ जुट गई। पुलिस जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची और हर्ष को फांसी के फंदे से उतारा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पड़ोस में ही रहने वाले युवक ने बताया कि हर्ष के माता-पिता शादी कार्यक्रम में बाहर गए हुए थे। मंगलवार की सुबह घर पहुंचने पर दरवाजा खटखटाया तब हर्ष ने काफी समय बीत जाने के बाद भी दरवाजा नहीं खोला। तब उन्हें अनहोनी होने की आशंका हुई जब पड़ोस में ही रहने शख्स ने कमरे के पीछे दरवाजे से जाकर देखा तो पीछे के दरवाजा खुला हुआ था और हर्ष बेडरूम में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि हर्ष ने मौत से पहले किसी से फोन पर बातचीत की। हर्ष के कान में हेडफोन लगा हुआ था। वहीं बिस्तर पर मोबाइल गिरा हुआ था। फिलहाल सीएसईबी चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्मट के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

### मामूली बात पर विवाद, बड़े ने छोटेभाई की कर दी हत्या

**रायपुर।** रायपुर में छोटे भाई के सिर पर वार कर बड़े भाई ने हत्या कर दी। इसकी शिकायत भी दूसरे भाई मनोज क्षीरसागर ने सरस्वती नगर थाने में की। शिकायत में मनोज ने बताया कि बड़े भाई अजय क्षीरसागर का छोटे भाई नीरज से सोमवार को रात करीब 10 बजे विवाद हुआ था। इस दौरान नीरज अपने बड़े भाई अजय को गाली देने लगा। जिससे गुस्साए अजय ने लकड़ी का पटिया उसके सिर पर दे मारा।



पटिया पड़ते ही नीरज का सिर फट गया और तेजी से खून बहने लगा। घर वालों ने खून के बहाव को रोकने के लिए नीरज के सिर पर हल्दी का लेप लगा दिया। उन्हें लगा कि इससे खून रुक जाएगा। अगले दिन सुबह जब घर वालों ने कमरा खोलकर आवाज लगाई तो सामने से कोई जवाब नहीं आया। छूने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। मौत की सूचना सरस्वती नगर थाने को मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को घर में देखकर आरोपी भाई अजय क्षीरसागर भागने लगा। पुलिस ने कुछ दूरी पर घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया।

# भाजयुमो नेता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, पत्नी व बेटे को शादी में भेजकर खुद लटक गया फंदे पर

**नंदिनी थाना क्षेत्र का मामला, कुम्हारी व भिलाई में भी दो युवकों ने ट्रेन से कटकर दी जान**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग जिले के नंदिनी थाना क्षेत्र में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार की दोपहर से शाम के बीच की बताई जा रही है। भाजयुमो नेता ने मंगलवार की सुबह अपनी पत्नी व बेटे को रिश्तेदार के घर शादी समारोह में भेज दिया। शाम को जब दोनों लौटे तो कमरे में उसने फांसी लगा ली थी। घटना की सूचना के बाद नंदिनी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।**






मिली जानकारी के अनुसार भाजयुमो अहिरवारा मंडल के महामंत्री शिव कुमार वर्मा (40) ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे यहां नंदिनी नगर के बीएसपी क्वार्टर में रहते थे। मंगलवार को उनके पैतृक गांव सहगांव पथरिया में शादी का कार्यक्रम था जिसमें शामिल होने के लिए उन्होंने अपनी पत्नी और बेटे को भेज दिया। इसके बाद शिवकुमार घर पर अकेले ही थे।

शाम चार बजे शिवकुमार की पत्नी व बेटा वापस लौटे तो देखा कि दरवाजा अंदर से खुला हुआ है। दोनों जब कमरे में पहुंचे तो पत्नी की चीख निकल गई। शिवकुमार फंदे से लटका हुआ था। इसके बाद पत्नी व बच्चे चीखते हुए बाहर निकले। आसपास के लोग जमा हुए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। इधर मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में मृतक शिवकुमार ने लिखा कि वह अपनी मर्जी से खुदकुशी कर रहा है। इसके के लिए वो खुद जिम्मेदार है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रेन के सामने कूदकर दो युवकों ने दी जान, एक की कुम्हारी तो दूसरे की पावर हाउस में मिली लाश

**भिलाई।** शहर में 24 घंटे के भीतर दो युवकों की खुदकुशी का मामला सामने आया है। कुम्हारी रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह एक युवक की लाश मिली। वहीं बुधवार की सुबह पावर हाउस भिलाई के रेलवे ट्रैक पर एक युवक की लाश मिली। दोनों युवकों की ट्रेन से कटने से मौत हुई है। कुम्हारी रेलवे स्टेशन के मामले की जीआरपी चरोदा द्वारा जांच की जा रही है। वहीं पावर हाउस भिलाई के मामले में छावनी पुलिस जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कुम्हारी रेलवे स्टेशन के दायरे में ट्रेन से कटकर युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर चरोदा जीआरपी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सुपेला शास्त्री अस्पताल भेजा। शुरुआती जांच में पता चला कि मृतक का नाम शंभू सोमनाथ पटेल (32) है। मृतक सोमनाथ छावनी राधा कृष्ण मंदिर वार्ड 40 में अपने चाचा के साथ रहता था। 15 साल से वह पेंटिंग का काम कर रहा था। एक दिन पहले घर से बिना बताए चला गया और दूसरे दिन रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश मिली। जीआरपी ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।



एक अन्य मामले में सुभाष नगर थाना छावनी निवासी राम सिंह ठाकुर (35) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। बुधवार की सुबह पावर हाउस रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर उसका शव मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए भेजा। जांच में पता चला कि मृतक मजदूरी करता है और उसके दो बच्चे हैं। घर पर कुछ विवाद होने पर व मंगलवार रात को घर से निकल गया था और बुधवार की सुबह उसका शव मिला। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम जांच शुरू कर दी है।

## फ्री में फेस मसाज नहीं करने पर बदमाश ने सेलून संचालक के कान पर मारा चाकू, गिरफ्तार

■ **टिकरापारा थाना क्षेत्र का मामला, हमला करने के बाद भाग गया था बदमाश**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर में एक बदमाश ने फ्री में फेस मसाज करने से मना करने वाले सेलून संचालक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। मामला टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। प्रार्थी सुरेश सेन ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि 10 बजे उनके सेलून में आरोपी जाफर खान आया और सेलून के सीट में जबरदस्ती बैठकर प्रार्थी को चेहरा साफ करने बोला। दुकान मलिक चेहरा साफ करने से मना करने पर बदमाश गाली-गलौज शुरू कर दी।

इतना ही नहीं बदमाश ने अपने पास रखे किसी नुकीली वस्तु से प्रार्थी के कान पास मारकर चोट पहुंचाया। इससे उसे काफी चोट आया। इस दौरान इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद प्रार्थी टिकरापारा थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया। आरोपी मौके से फरार हो गया था। थाना पुलिस आरोपी के खोजबीन में जुटी। मामले में मुखबिर लगाया गया। आरोपी बार-बार अपना ठिकाना बदलता रहा, लेकिन आरोपी के मोबाइल ट्रेस कर पुलिस ने उसे धर-दबोचा।



आरोपी को पुलिस के आने का अंदेशा होने पर भागने का प्रयास कर रहा था, इस पर पुलिस ने बड़ी मस्सकत कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। चैरसिया कालोनी थाना टिकरापारा निवासी आरोपी जाफर खान को धारदार चाकू के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी जाफर खान एक आद्यतन अपराधी है। उसके खिलाफ इससे पहले भी अवैध रूप से धारदार हथियार रखने और मारपीट करने का अपराध पंजीबद्ध है, जिसका प्रकरण वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है।

## कोरबा में घरातियों ने दूल्हे की कर दी जमकर पिटाई

■ **शादी की रश्म पूरी होने से पहले मिली जानकारी, जूतों की माला पहनाकर की पिटाई**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिले में दूल्हे को लड़की वालों ने जूते की माला पहना कर जमकर पीटा। दूल्हे के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी लड़की वालों को एक युवती ने व्हाट्सऐप पर फोटो-वीडियो भेजकर दी। शादी पूरी होने से पहले ही लड़की वालों को दूल्हे की असलियत का पता चल गया, जिसके बाद जमकर हंगामा हुआ। मंगलवार शाम की इस घटना के बाद मामला शांत कराने पहुंची पुलिस से भी लोगों की नोंकझोंक हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार अशोक केवट बेटी की शादी दादू राम नाम के व्यक्ति से तय की थी। दादू राम (30) ने खुद को गुजरात के वडोदरा में सयाजी होटल का असिस्टेंट मैनेजर बताया था। पूरी सच्चाई जाने बिना लड़की वालों ने शादी की तैयारी कर ली थी। मंगलवार को शादी रस्में चल रही थी, इसी दौरान लड़की वालों को व्हाट्सऐप पर गुजरात से आई जानकारी ने परेशान कर दिया। लड़की वालों को जब पता चला कि दूल्हा दादू राम असिस्टेंट मैनेजर नहीं बल्कि होटल में वेटर है और उसका संबंध वहां किसी लड़की से भी है। तब महिलाओं सहित आसपास के लोगों ने दादू राम की जमकर पिटाई कर दी। आक्रोशित लोगों ने दादू राम को जूते की माला भी पहनाई।





### बाल भी निकली, विग लगाकर आया था शादी करने

शादी में दूल्हा दादू राम नकली बाल लगाकर आया था। इस बात का खुलासा भी शादी के दौरान हुआ। जब उसकी पिटाई की तो उसके नकली बाल निकल गए। किसी तरह जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दादू राम को बचाने का प्रयास किया। इसे लेकर भी लोगों के साथ पुलिस की जमकर नोक झोंक हुई। दादू राम से जब इस संबंध में बातचीत की गई तो उसने बताया कि प्रेम संबंध वाली बात गलत है। उसे फंसाने के लिए लड़की झूठ बोल रही है।

### पहले से शादीशुदा निकला दूल्हा

दुल्हन के परिजनों ने बताया कि युवक जांजगीर-चांपा जिले के पिसौद का रहने वाला है जो खुद को गुजरात में असिस्टेंट मैनेजर होने की जानकारी दी थी। इस बात को लेकर सामाजिक रीति-रिवाज के साथ शादी हो रही थी। मंगलवार की शाम लगभग शादी संपन्न होने वाली थी, इस दौरान एक युवती ने फोटो और वीडियो भेजा। इसके बाद दादू राम के पहले से शादीशुदा होने की बात पता चली। कोतवाली थाना प्रभारी एमबी पटेल ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दूल्हे को गिरफ्तार कर थाना लाई है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## शांति नगर के दो मकानों में दिन दहाड़े सेंधमारी, लाखों के गहने व नगदी पार

■ **सीसी टीवी फुटेज में दिखे तीन बदमाश, चोरों की तलाश में जुटी पुलिस**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वैशाली नगर थाना क्षेत्र में दिन दहाड़े दो घरों में चोरी से हड़कंप मच गया। शांति नगर के एक ही स्ट्रीट में रहने वाले चाचा व भतीजे के मकानों के ताले टूटे। घटना के समय दोनों ही घरों में ताले लगे थे। पड़ोसियों ने जब दोनों मकान मालिकों को इसकी जानकारी दी तो वे अपने घर पहुंचे। एक मकान से दो लाख रुपए कैश व सोने चांदी के जेवरात व दूसरे मकान से 10 हजार नगदी व सोने चांदी के जेवर पार हो गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में मकान नंबर 1104 सडक 22 शांति नगर निवासी संजय शर्मा (60) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 19 अप्रैल 2024 को पारिवारिक काम से दिल्ली गया हुआ था। 23 अप्रैल 2024 को घर वापस पहुंचा तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर तीनो आलमारियां खुली हुई मिली। आलमारी से दो लाख रुपए नगद एवं सोने चांदी के जेवरात सिक्के आदि चोरी हो गए। इसके बाद संजय शर्मा ने इसकी शिकायत वैशाली नगर थाने में दर्ज कराई गई है।




इसी प्रकार दूसरी घटना संजय शर्मा के भतीजे पावस कुमार शर्मा (39) के घर पर हुई। पावस का घर संजय शर्मा के घर से लगा हुआ है। पावस कुमार शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके चाचा संजय शर्मा के साथ उनका परिवार भी दिल्ली गया हुआ था। पावस कुमार गुंडरहेही से रोज आना जाना करता है। 22 अप्रैल को पड़ोसियों ने उसे बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद वह घर पहुंचा तो देखा कि उसके चाचा संजय शर्मा के घर का ताला भी टूटा हुआ है। पावस कुमार शर्मा के घर से अज्ञात चोरों ने 10 हजार रुपए नगदी व सोने चांदी के जेवर चुराए और भाग गए।

### सीसी टीवी कैमरे में दिखे तीन चोर

घटना के बाद संजय शर्मा व पावस कुमार शर्मा ने अपने अड़ोस पड़ोस के सीसी टीवी कैमरे चेक किए। इस दौरान 22 अप्रैल 2024 की दोपहर12:34 बजे में तीन अज्ञात लडके चेहरे दिखाए दिए। तीनों ने अपने चेहरों को कपड़े से ढक रखा था। तीनों ने घर के दरवाजे का ताला तोडकर आलमारी से सोने चांदी के जेवरात व नगद रुपए चोरी कर ले गये। तीनों के घर में घुसने व बाहर निकलने का फुटेज पुलिस को मिल गया। इस मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 454,380 के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

## प्रोफाइल फोटो से छेड़छाड़ कर फर्जी आईडी बनाकर ठगी, गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पुलिस ने एक युवक को फर्जी आईडी बनाकर धोखाधड़ी करने के मामले में एक शातिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक निजी कंपनी के डायरेक्टर की फोटो को अपनी प्रोफाइल में लगा ली थी। साथ ही उसके नाम की फर्जी आईडी बनाकर कंपनी की प्रतिष्ठा को भी नुकसान पहुंचाया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।

प्रार्थी हिमांशु श्रीवास्तव ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि वो डीडी नगर का रहने वाला है। एसीबी इंडिया नाम की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में काम करता है। एक ठग ने कंपनी के डायरेक्टर रूद्र सेन सिंधु की फोटो अपनी प्रोफाइल में लगा ली। उसने डायरेक्टर के नाम की फर्जी आईडी भी बना ली। इसके बाद आरोपी ने कई लोगों के साथ धोखाधड़ी की। जिससे कंपनी की इमेज खराब हुई।



इसके बाद मामला साइबर सेल के पास पहुंचा। सिविल लाइन पुलिस और एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की जॉइंट टीम की मदद से आरोपी के लोकेशन की जांच की गई। इसके बाद पुलिस ने बोकारो के रहने वाले आरोपी अनंत कुमार सिंह को झारखंड से गिरफ्तार कर रायपुर ले आई। आरोपी के पास से मोबाइल फोन जब्त किया गया है। मोबाइल को जांच के लिए भेजा गया है।

## शराब के नशे में करता था मारपीट, परेशान मां ने कुल्हाडी मार कर की बेटे की हत्या

■ **जांजगीर चांपा जिले का मामला, पुलिस की गिरफ्त में आरोपिया मां**

श्रीकंचनपथ न्यूज


**जांजगीर चांपा।** जिले के ग्राम महंत में मां ने अपने बेटे की कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी। बेटा रोज-रोज शराब पीने के लिए पैसे मांगा करता था, नहीं देने पर गाली-गलौज किया करता था। गुस्से में आकर मां ने अपने बेटे की हत्या कर दी है। पुलिस ने आरोपी महिला अघान बाई सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया है। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है।

जानकारी अनुसार, सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे सुनील कुमार सूर्यवंशी (26) घर पहुंचा और अपनी मां अघान बाई से शराब के लिए पैसे की मांग करने लगा। पैसे नहीं देने पर गाली-गलौज करने लगा। यह कहते हुए सुनील घर में रखी मोटरसाइकिल और टीवी में तोड़फोड़ करने लगा और अपनी मां से मारपीट की। बेटे के शराब पीने और परेशान करने की आदत से तंग आकर अघान बाई ने घर में रखी कुल्हाड़ी से उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे सुनील कुमार सूर्यवंशी मौके पर ही गिर गया और उसकी मौत हो गई।




नवगढ़ पुलिस घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं आरोपी महिला अघान बाई सूर्यवंशी (46 वर्ष) को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। नवागढ़ थाने में धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी मां अघन बाई ने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। जिसे गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243


भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार
बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई


भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
V.I.P happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572


भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766


राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### माता जी के मंदिर में शिव-पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान



**भिलाई।** वैशालीनगर क्षेत्र के बाबा दीप सिंह नगर (सुन्दर नगर) स्थित माता जी के दुर्गा मंदिर में आज से शिव-पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान प्रारम्भ हो गया है। मंदिर की माताजी श्रीमती धर्मवती शुक्ला की देखरेख में आयोजित इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अनेक धार्मिक विधियों एवं वैदिक रीति से पूजा-पाठ किया जा रहा है। विद्वान पंडितों एवं पुजारियों के साथ ही स्थानीय धर्मप्रेमी प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में जुटे हुए हैं। प्रधान पंडित कृष्ण कुमार पांडेय, शिव-पार्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। अनुष्ठान का कार्य आज बुधवार से श्रीगणेश होकर शनिवार 27 अप्रैल को सम्पन होगा और प्रसाद का वितरण किया जायेगा। कलश पूजन, वेदी पूजन, नवग्रह पूजन, भगवन शैया शयन, स्थापना आदि का शुभ कार्य तीन दिनों तक निर्विघ्न चलता रहेगा।

### निर्वाचन प्रेक्षकगणों से भिलाई निवास में मिलने का समय निर्धारित

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए दुर्ग जिले में सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक और पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। निर्वाचन प्रेक्षकगण भिलाई निवास में ठहरे हुए है। जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन प्रेक्षकों को संपर्क मोबाईल नंबर उपलब्ध करायी गई है और मिलने का समय भी निर्धारित कर दी गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार व्यय प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से भिलाई निवास के बोर्ड रूम में प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक तथा सामान्य प्रेक्षकगणों से भिलाई निवास के बोर्ड रूम में ही प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक मुलाकात किया जा सकता है। इसके अलावा उनके मोबाईल नंबर से भी संपर्क कर सकते हैं। व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी (आईआरएस) का मोबाईल नंबर 7647046173 है। पुलिस प्रेक्षक अनुपम शर्मा (आईपीएस) का मोबाईल नंबर 7647046209 है। सामान्य प्रेक्षक एस.बी. शेट्टन्नवर (आईएएस) का मोबाईल नंबर 7647046210 है एवं लताकर श्रीकेश बालाजीराव (आईएएस) का मोबाईल नंबर 7647046325 है।

### बीएसपी में क्वेस्ट ऑन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई।** बीएसपी अपने कर्मचारियों के ज्ञान और प्रबंधन कौषल को निखारने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा मासिक क्विज प्रतियोगिता 'क्वेस्ट ऑन' का आयोजन 27 अप्रैल 2024, शनिवार को एचआरडीसी विभाग के मुख्य सभागार में किया जा रहा है। संयंत्र के कर्मचारी इसमें भाग लेकर आकर्षक पुरस्कार जीत सकते हैं। प्रश्नोत्तरी 'क्वेस्टऑन' हर महीने के चैथे शनिवार को आयोजित किया जाता है और इसमें कार्यपालक अधिकारियों के साथ-साथ गैर कार्यपालकों की 2 सदस्यीय टीम भाग ले सकती हैं। 27 अप्रैल को एचआरडीसी सभागार (प्रतियोगिता स्थल) में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

# लोकसभा चुनावः शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य, बीएलओ घर-घर जाकर बाटेंगे पर्ची

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की तैयारियों की समीक्षा

**गर्मी में मतदाताओं को ना हो परेशानी, मतदाताओं हेतु पेय जल, छांव वाले स्थान की व्यवस्था की जाएं**

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रें सिंग के माध्यम से आयोजित की गई और इसमें दुर्ग लोकसभा सीट के तहत जिले के 6 विधानसभा क्षेत्र और 3 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों की गतिविधियों को शामिल किया गया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सुचारू एवं सफल चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए शुरू से ही प्रभावी तैयारियों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी और परेशानी मुक्त तरीके से कराने के लिए समन्वय से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हर एक नागरिक का मतदान सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता पड़ने पर 1000 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए। बैठक में चुनाव तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दलों की तैनाती और वापसी, मतदान केंद्रों की स्थापना, मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण, डाक मतपत्र, ईवीएम और वीवीपैट मशीनें और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिले में मतदान जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए लगातार नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने निर्वाचन एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आश्वस्त किया साथ ही कलेक्टर सुश्री चौधरी ने सभी बीएलओ को घर-घर जाकर पर्ची बांटने निर्देशित किया ताकि कोई भी मतदाता वोट देने से न चुके। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, सीईओ जिला पंचायत अश्विनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर हरिवंश मिरी, एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज, एसडीएम धमधा सोनल डेविड एवं एसडीएम प्रफुल्ल कुमार उपस्थित थे।

## चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा 95 लाख रूपए निर्धारित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना ने जानकारी दी कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है।

जो निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखेंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक श्री ऋषभ जैन ने प्रशिक्षण में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनावी व्यय हेतु अधिकतम 95 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। उम्मीदवारों द्वारा अवैध खर्च को रोकने के लिए प्रमुख कानूनी प्रावधानों और उम्मीदवारों के बैंको से संबंधित जानकारी, अभ्यर्थी द्वारा पृथक से खाता खोलने, खाते का रख-रखाव एवं चुनाव खर्च का लेखा-जोखा रखने, चुनाव उपरांत उनके द्वारा किए गए व्यय के संबंध में शपथ पत्र एवं सभी वाउचरों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करने के संबंध में बताया गया। इसके साथ ही चुनावी नियमों की अवहेलना की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, चुनाव संचालन नियम 1961 कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इन प्रावधानों के तहत नियम 10(क) व्यय का लेखा दाखिली निर्धारित समय सीमा विहित प्रारूप में लेखा जमा नहीं किया जाएगा तो आयोग द्वारा आदेश दिनांक से 3 वर्ष हेतु अपात्र घोषित किया जाएगा। नियम 78 के तहत व्यय लेखा का दाखिला चुनाव परिणाम के 30 दिन के भीतर डीईओ के समक्ष लेखा जमा करना अनिवार्य होगा। यदि स्टार प्रचारक के पार्टी प्रचार के विज्ञापन का प्रकाशन या प्रसार इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के द्वारा किया जाता है तो यह पार्टी व्यय होगा। यदि अभ्यर्थी स्टार प्रचारक के साथ हेलीकॉप्टर/विमान मे यात्रा करते हैं, तो हेलीकॉप्टर/विमान का खर्च का 50 प्रतिशत अभ्यर्थी के खाते में जाएगा। यदि अभ्यर्थी स्टार प्रचारक के साथ सभा में मंच साझा करते हैं, तो सभा का सभी खर्च अभ्यर्थी के व्यय में शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन व्ययों के दैनिक लेखा में सम्पूर्ण विवरण यथा दिनांक, राशि, नाम, पता, बिल न. होना चाहिए। प्रत्येक वाउचर को अनिवार्यतः संलग्न करना होगा। सभी वाउचर का पेमेंट तिथिवार, क्रमानुसार दिनांकित करके व्यवस्थित संधारण करना होगा। प्रदत्त व बकाया राशि दोनों स्थितियों में प्रतिदिन रजिस्टर के भाग एक प्रविष्टि की जानी होगी। सहायक व्यय प्रेक्षक श्री जैन ने बताया कि निर्वाचन व्यय के वीक्षण और लेखांकन के लिए एक पृथक बैंक खाता खोलना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा सम्पूर्ण राशि इसमें जमा की जानी है।

## एसडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर ने मतदाताओं के घर जाकर मतदाता पर्ची का किया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** दुर्ग जिला निर्वाचन अधिकारी एवम जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ग्राम अंजोरा के मतदान केंद्र 33,34 में मतदाता पर्ची वितरण की कारवाही का अवलोकन सहायक रिटर्निंग अधिकारी 63- दुर्ग ग्रामीण मुकेश रावटे एसडीएम दुर्ग एवं उत्तम ध्रुव डिप्टी कलेक्टर द्वारा किया गया।

निरीक्षण के साथ साथ कुछ मतदाताओं के घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण किया गया।मतदान करने के लिए अपील एवं प्रोत्साहित किया गया। मतदान के दिन मतदाता पर्ची के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता कार्ड, आधार कार्ड या फोटोयुक्त कोई भी पहचान पत्र (12 प्रकार) लेकर जा सकते है वोट करने के लिए।घर के सभी व्यस्क सदस्यों को जिनका नाम मतदाता सूची में है उनसे मतदान दिवस को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा चुका है। 30 अप्रैल के पूर्व तक मतदाता पर्ची का वितरण पूर्ण कर लिया जाएगा।दुर्ग लोकसभा में 7 मई को मतदान दिवस निर्धारित है।

## शारीरिक-मानसिक स्वस्थता और मजबूत आत्मबल के लिए योग जरूरीः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार ग्रीष्म ऋतु की छुट्टियों में बच्चों एवं आम जनता को योग प्रभारी द्वारा राजेंद्र पार्क में योगा सिखाया जा रहा है जिसमें बढ़-चढ़कर बच्चे, बुजुर्ग व युवा सहित लोग योगा सीखने आ रहे हैं। सुबह प्रतिदिन 5.30 से 7.30 वजे तक योग क्रिया निःशुल्क सिखाईं और बताईं जा रही है।

जिला योग प्रभारी ने शहरवासियों से अपील की है कि अपने बच्चों को ग्रीष्म ऋतु मे योगा सीखने हेतु भेजें क्योंकि योगा से मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार की बीमारी ठीक होती है और शरीर निरोग रहता है। शरीर के निरोग रहने से मन भी निरोग रहता है।

सभी लोगों को योगा करना चाहिए। आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजेन्द्र पार्क पहुँचकर योग किया साथ ही शहर की सफाई व अन्य व्यवस्था देखी। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए पार्क के अंदर और भी बेहतर व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। इस अवसर पर सहायक अभियंता व भवन अधिकारी गिरीश दीवान,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,उद्यान प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहें। योगा शिविर के अवसर पर आयुक्त ने शारीरिक-मानसिक स्वस्थता और मजबूत आत्मबल के लिए योग को जरूरी बताया। प्रशिक्षक और योगाचार्य ने योग के महत्व व लाभ के बारे में जानकारी दी। निःशुल्क राजेन्द्र पार्क में विभिन्न मुद्राओं में योगासन कराये गये।

## श्री शंकराचार्य महाविद्यालय के एनसीसी के कैडेटों के द्वारा सिकल सेल पर रैली एवं जागरूकता कार्यक्रम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई एवं 37 छ ग बटालियन के संयुक्त तत्वाधान में एनसीसी के कैडेट के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए सिकल सेल पर रैली का आयोजन किया। यह रैली महाविद्यालय से निकलकर बजरंग पारा तक गई। इस रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अकादमिक डीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा इसके पश्चात घर-घर जाकर लोगों को सिकल सेल के बारे में जागरूक किया। तथा लोगों को ब्रोशर भी दिये गए।**




महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि इस सिकल सेल बीमारी से किस तरह से बचाव करना चाहिए तथा यह रोग और अधिक न फैले इसका तुरंत उपाय करना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक करने का एनसीसी के कैडेट के द्वारा यह प्रयास बहुत ही लाभदायक हुआ। महाविद्यालय के अकादमिक डीन डॉ जे दुर्गा प्रसाद राव ने कहा कि सिकल सेल यह एक बीमारी है जो बहुत ही घातक सिद्ध होती है।

इस रोग से बचने के लिए एनसीसी के कैडेट के द्वारा लोगों को जागरूक करने का यह प्रयास बहुत ही प्रशासनीय रहा किसके लिए इन्होंने एनसीसी के केडिटो की की पूरी पूरी प्रशंसा की। इस सिकल सेल जागरूकता कार्यक्रम में एनसीसी के कैडेट को मार्गदर्शन के लिए महाविद्यालय के एनसीसी अधिकार केप्टन डॉ. के जे मंडल एवं लेफ्टिनेंट उज्जवला भोंसले का योगदान रहा इस कार्यक्रमे में 35 कैडेट का योगदान रहा।

## ट्रेनों में महिला यात्रियों की सुरक्षा पर रेलवे का ध्यान एक साल में डेढ़ लाख से ज्यादा को मिली मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए रेल मंत्रालय ने महिलाओं के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न पहल की है। रेलवे सुरक्षा बल ने महिलाओं, विशेष रूप से चयनित लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले या बच्चों के साथ यात्रा करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के प्राथमिक उद्देश्य के साथ मेरी सहेली, ऑपरेशन मातृशक्ति आदि जैसी कई पहल शुरू की हैं।**



भारतीय रेलवे में आरपीएफ ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक ट्रेनों या रेलवे परिसरों में प्रसव के 130 ऐसे मामलों में सहायता प्रदान की है। इस वर्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 19794 ट्रेनों में लगभग 1 लाख 51 हजार अकेले यात्रा कर रही महिला यात्रियों को मेरी सहेली की टीम ने सहायता पहुंचाई । इसमें बिलासपुर रेल मण्डल में 7040 ट्रेनों में 67911 महिला यात्री, रायपुर रेल मण्डल में 7945 ट्रेनों में 70790 महिला यात्री तथा नागपुर रेल मण्डल 4809 ट्रेनों में 13278 महिला यात्री शामिल हैं। भारतीय रेल का यह कदम ट्रेन के सफर को महिलाओं के लिए बेहद सुरक्षित बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है । इस अभियान से महिला यात्रियों में सुरक्षा की भावना जागृत हुई है साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ी है। इस अभियान से महिला यात्री अपने गन्तव्य तक सुरक्षित महसूस करते हुए आत्मविश्वास के साथ यात्रा कर रही है।

'मेरी सहेली' टीमें लंबी दूरी की ट्रेनों में अकेले यात्रा करने वाली महिला यात्रियों की ट्रेन यात्रा के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति पर त्वरित प्रतिक्रिया देकर, प्रारंभिक बिंदु से उनके अंतिम गंतव्य तक सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। वर्तमान में, महिला आरपीएफ कर्मियों से युक्त 230 से अधिक समर्पित मेरी सहेली टीमों को देश भर के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया है, जो 400 से अधिक ट्रेनों को कवर करती हैं और हर दिन औसतन चौदह हजार से अधिक महिला यात्रियों को सहायता प्रदान करती हैं।

यह पूरे भारत में महिलाओं के लिए ट्रेन यात्रा को सुरक्षित बनाने की पहल के समर्पण और प्रभावशीलता को रेखांकित करता है। ये टीमें यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान उठाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित करने और संकट की स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध चैनलों के बारे में जानकारी प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में मेरी सहेली की 13 टीम कार्यरत है, जो कि 13 अलग-अलग ट्रेनों को कवर करती है । रेलवे सुरक्षा बल की मेरी सहेली टीम में महिला कांस्टेबल से लेकर महिला सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर शामिल है। महिला आरपीएफ कर्मी ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

यह गर्व की बात है कि समस्त केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में रेलवे सुरक्षा बल में महिलाओं का प्रतिशत सबसे अधिक है। नई भर्ती की गई महिलाओं को उनकी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए 'मेरी सहेली' टीमों में शामिल किया जा रहा है। आरपीएफकी महिला कर्मी न केवल महिला रेल यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करती हैं, बल्कि मुसीबत में महिला यात्रियों की मदद भी करती हैं।

## एसएलआरएम में कचरा छटाई के नाम पर लीपापोती, आयुक्त ने रोका एजेंसी का भुगतान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। गीला और सूखा कचरा को अलग अलग कर उसे डिस्पोज करने के एवज में निगम से मोटी रकम लेने के मामले में कार्यवाही शुरू हो गई। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मेसर्स रविन्द्र भगत के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। ठेकेदार मानव संसाधन में भी कटौती कर रखा है।**



शहर के विभिन्न वार्डो से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कर एसएलआरएम में कचरा छटाई करने का दावा करना खोखला साबित हुआ। निगम आयुक्त पिछले 15 दिनों से अलग अलग वार्ड में दौरा कर रही है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन से लेकर कचरा डंप करने वाले स्थान पर नजर रख रही थी। मंगलवार को उन्होंने फिर से वार्डो की भ्रमण की , और पाया कि अघोषित ट्रेंचिंग ग्राउंड में वही कचरा फेका जा रहा है जो एस एल आर एम सेंटर में एक किनारे छटाई के लिए रखा जाता है। ठेकेदार की इस हरकत को देख आयुक्त ने भुगतान रोकने आदेश दिए है। लगातार निरीक्षण में आयुक्त ने पाया कि कचरा छटाई कार्य में हर रोज 15 से 20 कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन ठेकेदार महज 5 से 6 कर्मचारी से कार्य ले रहा है। पालीथीन जैसे अन्य वस्तु को भी अलग करने खानापूर्ति की जा रही है।

### यहां कचरा छटाई केवल खाना पूर्ति

मेसर्स रविंद्र भगत निगम क्षेत्र के रूआबांधा, मरोदा, पुरैना और डुंडेरा में बने एस आल एल आर एम सेंटर को ठेके पर लिया है। जहां कचरा पृथक कर गीला से खाद और सूखा को अलग अलग कर विनिष्टि करण का कार्य करना है। यहां केवल खाना पूर्ति किया जा रहा है। ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश देने के बाद आयुक्त ने दोपहर एक बजे कर्मचारियों की मीटिंग बुलवाई। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक कर्मचारी शहर को स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। डोर टू डोर कलेक्शन की निगरानी करे। ताकि छटाई कार्य बेहतर हो।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950